शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 96 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 02 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मेरी गारंटी खोखले वादे नहीं हैं: मोदी

## मेरी गारंटी है कि आने वाले मेरे तीसरे टर्म में मैं हिंदुस्तान को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना के रहूंगा

**डीसा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस की लोग मोहब्बत की दुकान चलाने निकले थे, लेकिन इसमें इन्होंने फेक फैक्टरी खोल दिया है। जनता के पास जाने के लिए इनकी जुबान पर सत्य नाम के शब्द नहीं है। कांग्रेस की वीडियो, बातें, वादे, नारे, नियत सभी फेक हैं। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को गुजरात के बनासकांठा जिले के डीसा में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को अपने दो दिवसीय चुनावी दौरे पर गुजरात पहुंचे है। उन्होंने बनासकांठा जिले के डीसा से बनासकांठा और पाटण सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार के लिए वोट मांगे। उन्होंने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि हिम्मत है तो सामने से वार करो, यह फेक वीडियो का खेल बंद करो। कुछ पल आप लोगों को गुमराह कर पाओगे, लेकिन देश इसकी बड़ी सजा देगा। मोदी ने आरक्षण और संविधान को लेकर विपक्षी दलों की बातों का करारा जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर ने जो संविधान दिया है। संविधान की सुचिता को बनाए रखेंगे। मोदी जब तक जिंदा है, धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल खेलने नहीं दूंगा। एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के गरीब को जो आरक्षण मिला है, वह संविधान के तहत, बाबा साहब अंबेडकर के आशीर्वाद से मिला है, उसमें रत्तीभर भी कोई लूट नहीं सकता है। कांग्रेस के लोग चाहते हैं कि इस आरक्षण को लूटकर मुस्लिमों को दे दें, लेकिन वे ऐसा नहीं होने देंगे। जिन्हें आरक्षण मिला है उनके आरक्षण की रक्षा की जाएगी।



-आरक्षण पर बोले नरेन्द्र मोदी- धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल नहीं खेलने दूंगा

- नरेन्द्र मोदी ने डीसा में बनासकांठा और पाटण सीट के उम्मीदवार के पक्ष में की सभा

## कांग्रेस के वीडियो, बातें, वादे, नारे व नियत सभी फेक: मोदी

**प्रधानमंत्री** ने गुजरात के लोगों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मां अंबा के चरणों में आकर गुजरात में यह पहली चुनावी सभा का सौभाग्य मिला है। गुजरात की धरती ने जो मुझे शिक्षा और संस्कार दिया। उसी की बदौलत गुजरात में लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनाए रखा, इन सभी चीजों का दिल्ली में लाभ मिला है। मोदी ने कहा कि चुनाव प्रचार की शुरूआत कर्मठ माता-बहनों के क्षेत्र से हो रही है। मोदी ने कहा कि गुजरात का आज स्थापना दिवस है। यह हम सभी के लिए नए संकल्प, नई ऊर्जा का दिन है। इस निमित्त पर आज हम संकल्प ले कि विकसित भारत बनाने के लिए विकसित गुजरात हम कोई कमी नहीं रहने देंगे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सबने मुझे 2014 में दिल्ली भेजकर देश की सेवा करने का अवसर दिया। वर्ष 2014 से पहले सरकार थी, तब देश में चारों ओर आतंकवाद, घोटाले थे, चारों ओर भ्रष्टाचार, सारे नीति-निर्णय ठंडे बस्ते में पड़े थे। देश निराशा के गर्त में डूब गया था। मोदी ने कहा कि मैंने कोशिश की और देश को संकट से बाहर लाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 का यह चुनाव मेरे 20-25 साल के अनुभव को लेकर आया हूं। देश जो नई ऊंचाई पर पहुंचा है, देश के सामर्थ्य को भली-भांती जाना हूं, मैं इसका पुजारी बन गया हूं। गारंटी ऐसे नहीं दी जाती है, मेरे पास अनुभव था, देश के सामर्थ्य को पहचानने का। मेरी गारंटी है कि आने वाले तीसरे टर्म में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बना कर रहूंगा।

इसका लाभ वर्तमान पीढी और आने वाली पीढी को भी मिलेगा। मोदी ने आश्वस्त किया कि तीसरी बार सरकार आएगी तो 100 दिन में क्या करना है। उसका प्लान हमने अभी से बना लिया है।

## तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है कांग्रेस और इंडी गठबंधन: बीजेपी



**नई दिल्ली**

सपा नेता मारिया आलम के वोट जिहाद वाले बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा हमला करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। भाजपा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में दो ऐसे सांप्रदायिक बयान इंडी गठबंधन के तरफ से आए हैं जो कानून के साथ चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। चाहे वो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे हो या चाहे वो सपा की नेता मारिया आलम खान है। यह लोग लोकतंत्र के पर्व के मौके पर नफरत और जहर की खेती कर रहे हैं। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी के नफरत के बाजार में सपा और टीएमसी भी अपनी नफरत की दुकान खोल रही है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पीडीए-पीडीए कर रहे थे, इसका मतलब है प्रहार करो धर्म और आस्था पर, वोट जिहाद बोलो क्योंकि बहुसंख्यकों से इन्हें नफरत है। इन बयानों के बाद एफआईआर हुई है। वोट जिहाद शब्द का इस्तेमाल करना यूपी की जनता के साथ बेईमानी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि हिन्दू धर्म में शक्ति होती है, हमें शक्ति से लड़ना है। खड़गे जी रिमोट कंट्रोल के अध्यक्ष हैं, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बिना कुछ कह नहीं सकते। वे कहते हैं भगवान शिव प्रभु राम से लड़ सकते है।

## एनआईए ने अटारी ड्रग्स जब्ती मामले में अतहर सईद को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 700 करोड़ रुपये के अटारी ड्रग्स जब्ती मामले में एक और मुख्य आरोपित अतहर सईद को गिरफ्तार किया। एनआईए ने इसकी जानकारी बुधवार को दी। एनआईए ने कहा कि पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए आगे की जांच जारी है। एनआईए के मुताबिक अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या आठ हो गई। आरोपित अतहर सईद उर्फ चाचा ने सरगना शाहिद अहमद के निर्देश पर ड्रग्स कारोबार को संभाल रहा था। एनआईए के मुताबिक सईद को मंगलवार को एनआईए की टीमों द्वारा दिल्ली के दरियागंज में उसके परिसर की तलाशी लेने और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया गया था। एनआईए ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा है कि बड़े पैमाने पर ड्रग्स रैकेट के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए आतंकवाद रोधी एजेंसी दस्तावेजों की जांच कर रही है।

एनआईए की जांच से पता चला है कि सईद ने भारत से अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में नशीले पदार्थों की बिक्री से अर्जित धन के हस्तांतरण के लिए हवाला ऑपरेटरों और अन्य लोगों का एक नेटवर्क बनाने और उसे बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। एनआईए ने कहा कि इस तरह वह ड्रग्स की आय को विदेश स्थित मुख्य आरोपी व्यक्तियों तक पहुंचा रहा था। इसमें कहा गया है कि उसने मुख्य आरोपी को देश से भागने में मदद करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह मामला अप्रैल 2022 में दो किश्तों में भारतीय सीमा शुल्क द्वारा लगभग 700 करोड़ रुपये मूल्य की 102.784 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी और जब्ती से संबंधित है।

## सलमान के घर फायरिंग केस के आरोपी ने आत्महत्या की

**मुंबई**

सलमान खान के मुंबई स्थित घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर 14 अप्रैल को हुई गोलीबारी मामले में पुलिस जांच में जुटी है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। इस बीच खबर आ रही है है कि एक आरोपी ने खुदकुशी कर ली है।

## डीप फेक वीडियो पर रोक की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के मकसद से सकुर्लेट हो रहे डीप फेक वीडियो पर रोक की मांग को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। वकील जयंत मेहता ने कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने कल यानी 02 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। वकीलों के एक संगठन की ओर से दायर याचिका पर अधिवक्ता जयंत मेहता ने लोकसभा चुनाव के दौरान डीप फेक वीडियो पर रोक लगाने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की मांग की। हाई कोर्ट ने निर्वाचन आयोग के वकील को भी इस बारे में निर्देश लेकर कल कोर्ट को अवगत कराने को कहा। याचिका में कहा गया है कि डीपफेक वीडियो हटाने में समय लगता है लेकिन तब तक सम्बंधित व्यक्ति का काफी नुकसान हो चुका होता है। डीफ फेक वीडियो से गलत नैरेटिव काफी तेजी से फैलता है। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट ऐसे मामलों से निपटने में सक्षम है लेकिन कार्रवाई होने में काफी समय लगता है।




## कोविशील्ड से दुष्प्रभाव का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

### दुष्प्रभावों और इसके जोखिम की जांच करने के लिए कमेटी बनाने की मांग

**नई दिल्ली**

**भारत में** कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड के दुष्प्रभावों और इसके जोखिम की जांच करने के लिए कमेटी बनाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है।

वकील विशाल तिवारी ने दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज और एम्स के डायरेक्टर की निगरानी में एम्स के विशेषज्ञों का एक पैनल गठित करने का निर्देश देते हुए उस कमेटी को कोविशील्ड के दुष्प्रभावों की जांच करने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि कोरोनाकाल में टीकाकरण अभियान के परिणामस्वरूप कई लोग गंभीर रूप से विकलांग हुए या जिनकी मौत हुई है, उन लोगों के लिए मुआवजे की व्यवस्था की जाए। दरअसल, कोविशील्ड बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन की एक अदालत में माना है कि उसके टीकों से लोगों को हार्ट अटैक से मौत का खतरा हो सकता है।



## डीआरडीओ की बनाई पनडुब्बी रोधी मिसाइल का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली**

**भारत को** रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के मामले में एक और बड़ी कामयाबी मिली है। दरअसल भारतीय नौसेना ने पनडुब्बी रोधी मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया। बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल सिस्टम ने उड़ान भरी। यह अगली पीढ़ी का मिसाइल सिस्टम है, जो लाइटवेट टॉरपीडो डिलीवरी सिस्टम पर आधारित है। इसे डीआरडीओ द्वारा ही डिजाइन और विकसित किया गया है।

**पनडुब्बी रोधी युद्ध में अहम**

पनडुब्बी रोधी युद्ध में यह मिसाइल सिस्टम बेहद अहम है। यह मिसाइल लंबी दूरी के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है।

मिसाइल को युद्धक जहाज के साथ ही तटीय इलाकों से भी लॉन्च किया जा सकता है। यह मिसाइल अपनी अधिकांश उड़ान कम ऊंचाई पर हवा में पूरी करती है और अपने लक्ष्य के नजदीक जाकर मिसाइल से टॉरपीडो रिलीज होकर पानी के भीतर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। कैनिस्टर आधारित इस मिसाइल सिस्टम में कई आधुनिक सब-सिस्टम हैं, जिनमें दो चरणीय सॉलिड प्रोपल्शन सिस्टम, इलेक्ट्रोमैकेनिकल एक्टुएटर सिस्टम , नेविगेशन सिस्टम आदि शामिल हैं।

यह सिस्टम एक कम वजनी टॉरपीडो को बतौर पेलोड साथ लेकर उड़ान भरता है, जिसमें पैराशूट आधारित रिलीज सिस्टम होता है। आज के परीक्षण में टॉरपीडो के मिसाइल सिस्टम से अलग होने और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की गई।

## 12 मई को खुलेंगे बदरीनाथ धाम के कपाट

### इस बार नए आस्था पथ से बदरीनाथ तक पहुंचेंगे तीर्थयात्री,

**चमोली**

इस साल बदरीनाथ धाम की यात्रा 12 मई से शुरू हो रही है। ऐसे में बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्य तेजी से चल रहे हैं। यहां आस्था पथ में भी बदलाव किया गया है। बदरीनाथ धाम तक पहुंचने वाला पुराना आस्था पथ ध्वस्त होने के कारण अब साकेत तिराहे से अलकनंदा किनारे से होते हुए करीब 100 मीटर का नया रास्ता बनाया जा रहा है। इस मार्ग को नगर पंचायत बदरीनाथ की ओर से अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, बामणी गांव से बदरीनाथ मंदिर तक पहुंचने के लिए भी करीब 300 मीटर नए रास्ते का निर्माण किया जा रहा है। यहां रीवर फ्रंट के कार्यों से पुराना रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है।



बदरीनाथ धाम परिसर के इर्द-गिर्द होटल, धर्मशाला और आवासीय मकान थे। अब उन्हें हटा दिया गया है। इन दिनों लोक निर्माण विभाग पीआईयू की ओर से मलबे का निस्तारण भी कर रहा है। साथ ही नगर पंचायत के 45 पर्यावरण मित्र बदरीनाथ धाम पहुंच गए हैं।

## पद्म पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन शुरू, अंतिम तारीख 15 सितंबर

**नई दिल्ली**

**गणतंत्र दिवस के** अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2025 के लिए ऑनलाइन नामांकन (सिफारिशें) आज से शुरू हो गया है। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 15 सितंबर है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि पद्म पुरस्कार (पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री) देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल है। इन पुरस्कारों के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाता है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों व विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों व सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं।

## दिल्ली-एनसीआर: 100 से ज्यादा स्कूलों को मिली बम की धमकी

### कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं, जिनमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले हैं, जिनमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। बताया जा रहा है कि दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम की धमकी मिली। जिसमें डीपीएस, एमिटी, मदर मैरी स्कूल समेत कई बड़े स्कूल शामिल हैं। बम की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस के साथ ही बम निरोधक दस्ता और अग्निशमन विभाग का दस्ता भी मौके पर पहुंचा। स्कूलों में तलाशी अभियान चलाया गया। बताया जा रहा है कि अभी तक कुछ नहीं मिला है। दमकल विभाग ने बताया कि अब तक दिल्ली फायर सर्विस (उत्र्र) को स्कूलों में बम की धमकी के संबंध में 97 से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं। वहीं, जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि ये ईमेल कहां से भेजे गए हैं। प्राथमिक जांच में जानकारी सामने आई है कि धमकी का ईमेल रूस से आया है।



**दिल्ली के कई नामी स्कूलों को आया धमकी भरा ईमेल:** दिल्ली के द्वारका में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार स्थित मदर मैरी स्कूल में भी बम की धमकी मिली। वहीं, संस्कृति स्कूल और पुष्प विहार स्थित एमिटी स्कूल को भी ईमेल के जरिए धमकी दी गई। छावला के सेंट थॉमस, सरिता विहार के जीडी गोयनका, बाबा हरिदास नगर के एवरग्रीन पब्लिक स्कूल और द्वारका के सचदेवा ग्लोबल स्कूल को भी धमकी मिली है। दिल्ली के अलावा नोएडा के दिल्ली पब्लिक स्कूल को भी धमकी भरा ईमेल मिला। जिसके बाद पुलिस से लेकर स्कूल प्रशासन अलर्ट हो गया। एहतियातन बच्चों को बाहर निकाला गया। जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। मौके पर पुलिस और बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची है। स्कूल अभिभावकों को संदेश भेज गए। प्रिंसिपल का कार्यालय की तरफ से भेजे जा रहे संदेश में बताया गया कि स्कूल को एक ईमेल प्राप्त हुआ है, जिससे छात्रों की सुरक्षा को खतरा है। एहतियात के तौर पर हम छात्रों को तुरंत घर वापस भेज रहे हैं। निजी यात्री कृपया अपने बच्चे को यथाशीघ्र संबंधित गेट से स्कूल परिसर से लेने की व्यवस्था करें।

पुलिस के मुताबिक, द्वारका स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें स्कूल में बम होने की बात लिखी है। एहतियात के तौर पर स्कूल को खाली करा दिया गया।

# ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा मौके पर मौत मचा कोहराम

## मृतक की हरिसेनगंज में बालू और गिट्टी की दुकान है, सब्जी खरीद कर बाजार से घर जारहा था विजय कुमार



**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा ब्लाक बाजार से घर जा रहे बाइक सवार युवक को ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिसेनगंज निवासी विजय कुमार पटेल 30 वर्ष पुत्र राजाराम बाइक से बुधवार को मऊआइमा ब्लाक बाजार से सब्जी खरीद कर घर जा रहे थे।बताते हैं कि जैसे वह कंचनपुर अमानगंज के पास पहुंचे पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी और ट्रक प्रयागराज की ओर भाग गया। मौके पर विजय कुमार पटेल उर्फ नाटे की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि मृतक के दो पुत्रियां एक पुत्र हैं। पिता की मौत पर सभी का सभी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की हरिसेनगंज में गिटटी और बालू की दुकान है।

## संदिग्ध हालात में युवक ने पेड़ से लटक कर लगाई फांसी मौत

### प्रेम प्रसंग में असफल युवक ने उठाया घातक कदम, प्रेमिका रहस्यमय ढंग से गायब

**मऊआइमा।** संदिग्ध हालात में एक युवक घर के निकट पेड की डाली में फांसी के फंदे में लटक कर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस से कोई कानूनी कार्यवाही करने से परिजनों ने इंकार कर दिए। प्राप्तजानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चमरुपुर में मंगलवार को देर शाम एक युवक ने पेड़ पर लटक कर आत्महत्या कर ली। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव उतार कर घर पर रख दिए। बताया गया है कि मृतक सुनील कुमार पटेल(18)पुत्र स्वर्गीय रामदुलार निवासी सडौरा रानीगंज प्रतापगढ़ जो अपने ननिहाल नाना सुखदेव पटेल चमरुपुर के साथ बचपन से ही रहता है। बताया गया है कि सुनील गांव की ही एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था।



मृतक सुनील कुमार

ग्रामीणों के अनुसार जिसे लेकर लडकी पक्ष के लोगों ने डांटा फटकारा था। सुनील कुमार को मारे पीटे थे। बताते हैं कि सोमवार को पड़ोस की प्रेमिका घर से रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। जिस पर युवती के पिता व भाई सुनील कुमार पटेल के घर आकर गाली गुप्ता किए ।जिससे आहत होकर सुनील कुमार 6 ने मंगलवार को शाम के समय संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ।सुनील कुमार चार भाई बहनों में तीसरे नंबर का था तथा गांव में ही शटरिंग का कार्य करता था। बताया गया है कि घटना मंगलवार शाम करीब सात बजे की है ।सुनील कुमार की मां और बहन पंजाब लुधियाना में रहते हैं। सूचना जब लुधियाना पहुंची तो घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।। सुनील कुमार का शव बुधवार को शाम तक घर पर रखा था। परिजनों के आने पर अन्तिम संस्कार किया जाएगा।। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस थाने से गई ।लेकिन मृतक के परिजनों द्वारा कोई भी कार्यवाही करने से मना कर दिया। घटना को लेकर क्षेत्र में अनेकों प्रकार की चर्चाएं व्याप्त है।

## न्यूज झरोखा

### मई दिवस पर केसरवानी वैश्य धर्मशाला में मजदूरों ने उठाई आवाज



**बारा।** बुधवार को मई दिवस जनपद में मनाया गया। यमुनापार के केसरवानी धर्मशाला शंकरगढ़ में खदान मजदूर यूनियन के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में महासचिव डा. राधेशयाम यादव ने कहा वर्तमान सरकार की नीति व नीयत दोनों मजदूर विरोधी है। सरकार की नीति खदान मजदूरों को बेरोजगार बना रही है। उन्होंने कहा कि गलत नीतियों के कारण पर्यावरणीय संकट भी उत्पन्न होरहा है। आज खदान मजदूरों को रोजगार की तलाश में अपना गांव-परिवार छोड़कर बाहरजाना पड़ रहा है। खदान श्रमिकों को स्वरोजगार के लिए खनन पट्टा ही इस समस्या का समाधान है। इस दौरान यूनियन की तरफ से पांच प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें खदान श्रमिकों को स्वरोजगार के लिए खदान पट्टा देने, खदान श्रमिक कल्याणकारी योजना लागू करने, वनाधिकार कानून के तहत वन भूमि पर आबाद लोगों को आवासीय पट्टा देने, कोल परिवार को जनजाति का दर्जा देने और मजदूर बस्तियों में टैंकर से पेयजल की आपूर्ति करने की मांग उठाई गई ।का?क्रम को सीता यादव, हरिलाल यादव, डा. ओमप्रकाश कोल, कल्पना, अवध बिहारी, बृजलाल, गंगादीन, दिवाकर, जियालाल, लालजी, बड़ेलाल, बाबूलाल आदि ने भी संबोधित किया।

### एक और हत्याभियुक्त कोराव पुलिस के हाथ लगा

**कोरांव।** थाना कोरांव पुलिस प्रभारी राकेश कुमार भारती ने एक और नामजद हत्या मुलजिम को गिरगोठा के पास से गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि कोरांव थाने में दर्ज मुकद्दमा अपराध संख्या 96/2024 धारा 302/34आईपीसी में वांछित अभियुक्त पुष्पेंद्र सिंह उम्र 26 साल पुत्र चंद्रपाल सिंह ग्राम साजी कोराव को अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजे जाने की कार्यवाही की गई।

### कमरे का ताला तोड चोरों ने हजारों का गेंहू किया पार

**मऊआइमा।** मऊआइमा में चोरी की घटना होना आम बात है ।चोरों ने एक किसान के कमरे का ताला तोड कर हजारों रूपया का गेंहू चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बसदेहया निवासी राम लाल पुत्र स्वर्गीय धनीराम कमरे में 15 बोरी गेंहू भूसे के अन्दर रख कर बाहर से ताला बंद कर दिऐ ।राम लाल का आरोप है अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड कर सारा गेंहू चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मौके पर पुलिस पहुंच कर रेख देख कर वापस चली गई। आरोप है कि मऊआइमा क्षेत्र में चोरी की घटना आम हो चुकी है।

### सहसों में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस सुनी गई समस्या



**सहसों।** पुराना कोल्ड स्टोर सहसों गोल चौराहा स्थित बुधवार को दैनिक वेतन, भवन निर्माण, मनरेगा, घरेलू कामगार, महिला एवं असंगठित मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश ने प्रदेश कार्यालय सहसों के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस को मजदूर एवं कामगारों के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर मजदूर यूनियन के महामंत्री मधु तिवारी ने भारी संख्या में उपस्थित श्रमिकों के बीच में उनके समस्याओं को सुना एवं उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज वर्तमान समय में सबसे जटिल समस्या भवन निर्माण में पंजीकृत श्रमिकों की हो रही है। शासन द्वारा निर्माण श्रमिकों के लिए लगभग 16 योजनाएं सरकार द्वारा संचालित थी जोकि आज की तारीख में श्रमिकों के लिए सारी योजनाएं बंद कर दी गई है। यूनियन के संगठन मंत्री प्रदीप शर्मा द्वारा श्रमिकों को बताया गया कि आज श्रमिकों की समस्या बहुत ही कठिनाई युक्त होती जा रही है। श्रमिकों का बोर्ड में पंजीकृत करके उन्हें मात्र बेवकूफ बनाया जा रहा है। अध्यक्षता करते हुए यूनियन के अध्यक्ष हर्षित शुक्ला ने बताया कि हम यूनियन वाले श्रमिकों की समस्याओं को लेकर जिले पर श्रम विभाग के कार्यालय पर जाते हैं तो श्रम विभाग के श्रम आयुक्त मिलने से इनकार कर देते हैं और मजदूर को उनके कर्मचारियों द्वारा भगा दिया जाता है। इसी के साथ अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर निजी क्षेत्र के उद्योगों एवं आदि निर्माण कार्य में कार्य करते समय बलिदान हो गए मजदूरों के लिए 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को आगामी 25 मई को होने वाले स्वच्छ लोकतंत्र के लिए लोकसभा चुनाव में मतदान के महापर्व पर सब काम छोड़ पहले करो मतदान के लिए भी कहा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रमिक गुंजन, ममता, राम अभिलाष, कंचन, शिवदेवी, संतोष, विजय, महेंद्र, राज बहादुर, शालिनी, बसंती देवी, सुनीता, अजय विश्वकर्मा, सुनील, मुन्नालाल, संजय, शिव शंकर, प्रदीप, सुभाष, प्यारेलाल, निर्मला, सविता, फूलकली, पंचू एवं पुष्पा सहित आदि भारी संख्या में श्रमिक कामगार उपस्थित रहे।

## वोट डालना हर किसी का मौलिक अधिकार : अनय प्रताप





**राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में युवा मतदाताओं को दिलाई गई शपथ**

**बारा/शंकरगढ़।** मतदाता जागरुकता का?क्रम स्वीप के तहत बुधवार को राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में शपथ दिलाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने अपने विचार रखे और मतदान के महत्व को रेखांकित करते हुए लोकतंत्र के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वोट देना देश के हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और इसी से एक निष्पक्ष, स्वतंत्र सरकार का निर्माण किया जा सकता है। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता रामबोध खरवार ने 18 वर्ष से अधिक छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वह 25 मई के दिन घर से अवश्य निकलें और वोट करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। विद्यालय के क्रीडा प्राध्यापक अरविंद कुमार गौतम ने विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं से हाथ ऊंचा कराकर पूछा कि कितने लोग इस वर्ष मतदान करेंगे? इस पर लगभग 40% बच्चों ने हाथ ऊंचा किया और प्रतिबद्धता दिखाई कि वह इस वर्ष वोट ज़रूर डालेंगे और अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा. बृजेश यादव ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि मतदान करना यह बताता है कि हम एक सजग व जागरूक नागरिक हैं। इसलिए हम एक सजग नागरिक होने का परिचय दें और वोट अवश्य करें। अंत में प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने सभी को मतदाता शपथ दिलवाई। इस अवसर पर प्रवक्ता हरीकृष्ण, अजय कुमार, ओम प्रकाश, पन्नेलाल, अजय प्रताप सिंह, सुरेंद्र, योगेंद्र पांडेय, राम सिंह, शिवाकांत पाल, रणवीर सिंह, राजेश मिश्र, राकेश कुमार, सुनील कुमार सिंह, समीर, पवन मौजूद रहे।

## करछना में इंडिया गठबंधन का ऐतिहासिक कार्यकर्ता सम्मेलन में दिखा भारी जोश भरी हुंकार

### पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**करछना।** प्रयागराज बुधवार को करछना ब्लाक गेट के सामने आयोजित समाजवादी पार्टी, कांग्रेस एवं आप सहित इंडिया गठबंधन के 52 लोकसभा इलाहाबाद से प्रत्याशी कुंवर उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में विधानसभा स्तरीय विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी देख पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह एवं लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी उज्वल रमण सिंह ने गठबंधन प्रत्याशी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया और कहा कि आने वाले समय में कार्यकर्ताओं का दम खम आगामी लोकसभा चुनाव में एक ताकत एवं मजबूत स्तंभ की तरह अपनी भूमिका अदा करने जा रहा है, और भाजपा प्रत्याशी की जमानत जब्त करने का





कार्य कराने में अपनी भूमिका अदा करें, रेवती रमण सिंह ने कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए कहा कि यह सीट आपके मान सम्मान की लड़ाई है इसे हर हाल में पार्टी प्रत्याशी को जिताने में अपनी भूमिका निभाते हुए बूथ स्तर एक जूट होकर कार्य करने की बात कही कार्यक्रम के संयोजक समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष ननकेस बाबू , मुख्य अतिथि मा. संदीप सिंह पटेल विधायक मेजा एवं विशिष्ट अतिथिगण मा. हाकिम लाल बिंद विधायक हंडिया, डॉ. मानसिंह यादव सदस्य विधान परिषद, शेखर बहुगुणा वरिष्ठ कांग्रेस नेता, हंसराज सिंह, विजय राज सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख, डॉ विजय बाबू यादव जिला पंचायत सदस्य, रंग बहादुर पांडेय पूर्व ब्लाक प्रमुख, ई जगदीश सिंह यादव,माधवेन्द्र नारायण मिश्र बाबा, अंकित यादव डीहा, सत्य भामा मिश्रा, हिमांशु कुमार सिंह प्रधान प्रतिनिधि बसही, वीरू सिंह धरवारा,अजय भारती मुन्ना पूर्व प्रत्याशी बारा । कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय वासुदेव यादव पूर्व विधान परिषद सदस्य। कार्यक्रम मा. कुंवर रेवती रमण सिंह ह्यमणि जीह्न की गरिमामयी उपस्थिति । कार्यक्रम के प्रमुख वक्तागण पप्पू लाल निषाद जिलाध्यक्ष सपा, अरुण तिवारी जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी जमुनापार, डॉ दिनेश कुमार सोनी, शैलेन्द्र शर्मा, टप्पू शर्मा,बुधेंद प्रताप सिंह पिंटू,सभी सम्मानित इंडिया गठबंधन के जिला, विधानसभा, ब्लॉक, जोन, सेक्टर, बूथ, तथा सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारीगण एवं गठबंधन के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत में जगत गुरु रामानंदाचार्य ने सुनाई कपिल अवतार सती ध्रुव भरत चरित्र की कथा





**मेजा।** क्षेत्र के कुशलपुर ऊँचडीह गांव निवासी पंडित ब्रह्मदीन त्रिपाठी के आवास पर आज से सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन की कथा में मुखय कथा वाचक अंतराष्टीय कथा व्यास जगत गुरु रामानंदाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री श्री बल्लभाचार्य महाराज के द्वारा कपिल अवतार सती ध्रुव एवं भरत चरित्र की कथा सुनाई गई। कथा के मुख्य यजमान पंडित ब्रह्मदीन त्रिपाठी पत्नी श्रीमती अनारकली और ब्रह्म नारायण त्रिपाठी पत्नी श्रीमती हीरावती रही। मुख्य श्रोता के रूप में पंडित हरिकृष्ण त्रिपाठी पत्नी श्रीमती मंजू त्रिपाठी उत्तम पांडेय राहुल शुक्ला दिनेश तिवारी तथा विनय शुक्ला रहे। उल्लेखनीय है कि त्रिपाठी बंधु परिवार के श्री राम कृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि उक्त कथा बुधवार को शुरू हुई जिसका समापन देर शाम तक हुआ। अगले दिन की कथा 2 मई को अजामिल ब्रहमासुर चरित्र एवं नृसिंह वतार पर आधारित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि कथा प्रति दिन भागवत मूल पारायण सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और शांम 4 बजे से 7 बजे रात तक होगी । इसके अतिरिक्त क्षेत्र के मशहूर भजन गायक तिवारी बंधुओ के द्वारा भजन का भी आयोजन किया गया है। श्री त्रिपाठी ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कथा में पधार कर कथा को श्रवण करें और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

### 33 केवीए बिजली की मरम्मत का कार्य होने पर लाइट रहेगी बाधित जनता करें सहयोग

**जारी प्रयागराज।** जारी उपकेंद्र से संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में 33 केवीए का मेंटेनेंस का कार्य कराया जाना है विद्युत उपकेंद्र जारी पावर हाउस अवर अभियंता प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि लगभग 10 दिन तक जारी उप केंद्र की सप्लाई दिन में 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रहेगी बाधित क्षेत्र की जनता अपना कार्य समय से कर ले

बताते चलें विद्युत उपकेंद्र जारी पर आ रही 33 ‘५ लाइन के मरम्मत का कार्य होना है जिसके कारण विद्युत उपकेंद्र से जुड़े समस्त फीडर/ क्षेत्र सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। संबंधित उपखंड अधिकारी संजय कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनमानस से अपील है कि वह पानी आदि चीजों का पहले से ही प्रबंध कर लें। और समस्त क्षेत्र वासियों से अपील है कि सुधार संबंधित कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें.।

## कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संगठित रहने की जरूरत

### इफको के सेवानिवृत कर्मचारियों के विदाई समारोह में कर्मचारी संगठन ने की संगठित रहने की अपील





**फूलपुर।** मजदूर दिवस पर इफको फूलपुर इकाई के सेवानिवृत कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर इफको कर्मचारियों को संबोधित करते हुए इफको इम्प्लाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज पांडेय ने बुधवार यूनियन भवन के सभागार में कहां की कर्मचारियों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शोषण के खिलाफ हम सब एकजुट होकर आवाज उठाने का कार्य करेंगे। महामंत्री विनय यादव ने कहा कि शिकागो शहर से मजदूरों के इस आंदोलन के 138 साल बाद भी इफको प्रबंधन का रवैया मजदूरों के प्रति नही बदला। उन्होंने कहा कि अगर प्रबंधन मजदूरों के प्रति अपना रवैया नही बदलता है तो हम चुप नही रहेंगे। मजदूर दिवस पर इफको संयंत्र के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत उर्मिला द्विवेदी, शिव सूरत, जगदीश प्रसाद, संतलाल यादव, शिवकुमार, ओमप्रकाश उपाध्याय, शकील अहमद, पीसी भारती, संगम लाल को सम्मानित कर उन्हे प्रतीक चिन्ह से विदाई सहकर्मियों ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुबोधना शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष शिवभूषण गौतम ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत सहकर्मियों के शेष जीवन के लिए मंगल कामना की। इस दौरान यूनियन के शिव भूषण, सालिक राम, अम्बुज शुक्ला, रामबाबू जायसवाल, अशोक कुशवाहा, सुधाकर विश्वकर्मा, रजनीश, मनोज, निजामुद्दीन, हरिशंकर, मनोज कुमार श्रीवास्तव, अजीत प्रताप सिंह, रजनीश राव, मनोज पटेल, राजनरायन यादव, बलबीर सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### इलाज के दौरान घायल किशोर की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**सहसों।** सोमवार को बारात में गया किशोर सड़क हादसे में घायल होकर उपचार हेतु निजी अस्पताल में भर्ती हुआ जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी राजकुमार 16 वर्षीय पुत्र चुलबुल बैगा सोमवार को फूलपुर के ढोकरी गांव में एक बारात में गया हुआ था जहां पर सड़क पार करते समय तेज गति से आ रही अनियंत्रित बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां मौके पर उपस्थित लोगों ने तत्काल आनंद फानन में अंदावां चौराहा स्थित एक निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया। जानकारी होते ही परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए। परंतु इलाज के दौरान मंगलवार की रात घायल किशोर की मौत हो गई। वह पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिससे परिजन समेत अन्य का रो-रो कर बुरा हाल है।

## श्रमिकों की मेहनत की भरपाई किसी कीमती जेवर से संभव नहीं : अंकिता खेरा

**मेजा।** बुधवार को सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल जनवार, मेजारोड में बड़े ही जोश और उत्साह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच अंतर्राष्टीय श्रमिक दिवस मनाया गया। इस दौरान श्रमिकों का संस्थान के प्रति उत्कृष्ट समर्पण के लिए पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि अन्तर्राष्टीय मजदूर दिवस के अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती अंकिता खेरा ने गैर-शिक्षण कर्मचारियों के निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक किए जा रहे काम और स्कूल के प्रति उनका समर्पण भाव के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रमिकों द्वारा निष्ठा पूर्वक की जा रही मेहनत की भरपाई किसी भी महंगे गहने से नहीं की जा सकती है। उन्होंने आगे कहा हर साल 1 मई को हम यह दिन अपने श्रमिकों के मान सम्मान के लिए मनाते रहे हैं। श्रीमती खेरा ने कहा कि गैर-शिक्षण कर्मचारियों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। उन्होंने





**अन्तर्राष्टीय श्रमिक दिवस पर सेंट पीटर्स को एजुकेशन स्कूल जनवार में श्रमिकों के सम्मान में आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम**

स्कूल कर्मी बृजेश कुमार, दीपक कुमार, साहेबान, फूलकली, सुशीला देवी, राजेश पटेल, अंबिका तथा फूलचंद आदि प्रसंशा करते हुए कहा कि ऐसे और कई गैर-शिक्षण कर्मचारी हैं जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन स्कूल के लिए सर्मपित कर दिया है। इसी क्रम में स्कूल के प्रबंधक अभिषेक खेरा ने कहा कि हमारे श्रमिक भले ही गैर शिक्षण कर्मचारी हैं लेकिन स्कूल के प्रति उनका समर्पण किसी जिम्मेदार शिक्षक एवं शिक्षिका से कम नहीं है। श्रमिक हमारे स्कूल की रीढ़ हैं जिनके निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक किए जा रहे कार्यों की बदौलत आज सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल निरंतर नई ऊंचाइयों की तेजी से अग्रसर हो रहा। कार्यक्रम के अंत में स्कूल में कार्यरत सभी श्रमिक जनों को स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अंकिता खेरा द्वारा सम्मान प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी इस पुनीत अवसर पर श्रमिकों का उत्साह वर्धन करते हुए शुभकामना बयक्त किया। इस मौके पर स्कूल प्रबंध तंत्र के साथ साथ कई अभिभावकगण व आम जनमानस के लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## स्कूल के प्रति श्रमिकों का समर्पण भाव है अतुलनीय : शिवानी सोनी

### मजदूर दिवस के मौके पर सेंट पीटर्स स्कूल छतवा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**मेजा।** सेंट पीटर्स स्कूल छतवा सिरसा-प्रयागराज में बुधवार को हर्षोल्लास पूर्वक मजदूर दिवस मनाया। इस दौरान स्कूल में कार्यरत कर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती शिवानी खेड़ा सोनी कहा कि मजदूर दिवस प्रतिवर्ष 1 मई को मनाया जाता है, यह दिवस हमारे स्कूल के प्रत्येक कर्मचारी की सामाजिक और आर्थिक उपलब्धियों का सम्मान करने का दिन होता है। उन्होंने स्कूल वाहन चलाने वाले सभी चालकों को प्रतिदिन विद्यार्थियों को सुरक्षित घर से लाने और





वापस छोड़ने के लिए धन्यवाद दिया। श्रीमती शिवानी ने विद्यालय परिसर को साफ-सुथरा रखने के लिए सभी सेविकाओं तथा गेट पर अपनी ड्यूटी के लिए तैनात चौकीदार को भी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक किए जा रहे कार्य के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने श्रमिकों के मान सम्मान तथा उनके उज्जवल भविष्य कामना करते हुए कहा कि श्रमिकों द्वारा पूरे समर्पण भाव से स्कूल के प्रति किया जा रहा कार्य वास्तव में अतुलनीय है। गौरतलब है कि मजदूर दिवस के इस अवसर स्कूल की ओर से श्रमिकों के स्वागत एवं सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक सहित विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी श्रमिकों का आभार प्रकट करते हुए मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दिया।

# भाजपा प्रत्याशी प्रवीण और नीरज ने दाखिल किया नामांकन





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल और इलाहाबाद संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे दोनों प्रत्याशियों ने रिटर्निंग अफिसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। इसके पहले भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक आजाद पार्क के सामने पहुंच गए थे। रास्ते भर नारेबाजी चल रही थी। दोनों के नामांकन जुलूस में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आने की चर्चा थी, लेकिन वह नहीं पहुंच पाए। इसी तरह कौशाम्बी सीट से भाजपा के प्रत्याशी विनोद सोनकर ने भी अपना पर्चा कौशाम्बी में दाखिल कर दिया। उनके साथ केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। भाजपा के इलाहाबाद संसदीय सीट से प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने रिटर्निंग अफिसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। कौशाम्बी में भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने पर्चा दाखिल किया। उनके साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। विनोद लगातार दो बार से सांसद हैं। तीसरी बार भाजपा ने फिर उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है।

## युवक का शव घर के आंगन में पेड़ से लटकता मिला



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में एक युवक बुधवार सुबह घर के आंगन में स्थित नीम के पेड़ से लटकता मिला। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरु कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि फंदा दुपट्टे से बनाया गया था। घटना की जानकारी पर परिवारजनो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मामा भांजा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसने खुदकुशी क्यों किया इसके बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है बताया जा रहा है कि विजय मजदूरी कर गुजर बसर कर रहा था। उसके अचानक से उठाये गये इस कदम से घर वाले भी परेशान है।

# नैनी से नामांकन में भाजपा के कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए

### नैनी क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के नामांकन में सैकड़ो की संख्यां में शामिल हुए



**नैनी।** नैनी क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए। सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के नामांकन के अवसर पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता नैनी से भारी संख्या में पहुंचे नामांकन के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर प्रयागराज पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में नैनी क्षेत्र से कार्यकर्ताओं नामांकन के लिए जिला कचहरी पहुंचे जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील शुक्ला वरिष्ठ पार्षद वार्ड नंबर 81 मयंक यादव वरिष्ठ भाजपा नेता दूधनाथ तिवारी सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील कुशवाहा राज सिंह सुधीर प्रजापति दिलीप मिश्रा राकेश कुमार नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा महामंत्री उमेश सिंह की कार्यकारिणी सदस्य सुनील विश्वकर्मा राणा श्रीवास्तव बाबूजी यादव नित्यानंद मिश्रा कार्यकर्ता नीरज त्रिपाठी के नामांकन में जिला कचहरी पहुंचकर नीरज त्रिपाठी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

## प्रधानाध्यापिका से मारपीट सीसी टीवी में कैद

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी योजना तीन की रहने वाली प्राइमरी स्कूल की प्रधानाध्यापिका से मंगलवार को पड़ोसी पिता पुत्र ने अभद्रता की विरोध करने पर लात घुसो से जम कर पीटा पूरा मामला पास में लगे मकान के सीसी टीवी में कैद हो गया। पीड़िता ने आरोपी के ?खिलाफ झूंसी पुलिस को तहरीर दी है लेकिन बुधवार की देर शाम तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई थी। महिला सैदाबाद ब्लाक के प्राइमरी स्कूल में प्रधानाध्यापिका हैं। उनका आरोप है कि मंगलवार की शाम वह बाजार जा रही थी। पड़ोसी उसका साथ अश्लील हरकत करते हुए उनका हाथ पकड़कर खींचने की को?शिश की। विरोध पर जाम कर मारा वही दूसरे पक्ष की ओर से भी पुलिस को तहरीर दी गई है। मामले में एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर लेकर तफ्तीश की जा रही है।

## संगम एक्सप्रेस का इंजन पटरी से उतरा

**प्रयागराज संगम स्टेशन के पास हादसा, अचानक रुकी ट्रेन तो उतरे यात्री**

**प्रयागराज।** बरेली-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस का इंजन बुधवार सुबह पटरी से उतर गई। सुबह लगभग 7:20 इंजन के डिरेल होने से अफरातफरी मच गई। बरेली से चल कर ट्रेन प्रयागराज आ रही थी। प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी। तभी इंजन डिरेल हो गया। इस दौरान गंगा गोमती एक्सप्रेस देरी से रवाना हुई। एजे पैसेंजर दो घंटे की देरी से जाएगी।हालांकि अचानक ट्रेन के रुक जाने से यात्री दहशत में आ गए। यात्री जल्द ट्रेन से नीचे उतर गए। मौके पर तकनीकी टीम, रेलवे के अधिकारी पहुंच गए। उत्तर मध्य रेलवे केलखनऊ मंडल के एडीआरएम शिवेंद्र शुक्ल ने बताया, इंजन का पहिया पटरी से उतरा है। बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण लगाया जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा बुधवार को नगर निगम सीमान्तर्गत हो रहे निमार्ण कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान इण्टरलाकिंग/सी0सी0 रोड व कीडगंज उच्च प्राथमिक विद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित फर्म मेसर्स जान्हवी कन्सट्रशन द्वारा बीम एलाईनमेंट में नही पायी गयी साथ ही कई जगह पायी गयी। जिस कारण नगर आयुक्त द्वारा रोष व्यक्त करते हुए मुख्य अभियन्ता, को निर्देशित किया कि सम्बन्धित फर्म को उक्त के सम्बन्ध में नोटिस जारी करें तथा संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत न होने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार रू0 10-00 लाख का अर्थदण्ड आरोपित किया जाए। इसी के साथ ही नगर आयुक्त द्वारा वार्ड 48 आलोपीबाग में पंजाबी कालोनी में अस्था मेडिकल स्टोर से सिन्धु विद्या मन्दिर स्कूल तक हॉट मिक्स प्लांट का सड़क सुधार कार्य के दौरान सम्बन्धित फर्म मेसर्स महावीर कन्सट्रक्शन द्वारा बिना सफाई कार्य कराये गन्दी सतह पर लेईंग का कार्य कराया गया, टैंक कोट का एप्लीकेशन भी मानक के विपरीत पाया गया तथा बिटुमिन लेई का कार्य पेवर प्लांट मशीन से कराकर मैनुअल कराया जा रहा था तथा अन्य निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नही पायी गयी नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियन्ता, को निर्देशित किया कि सम्बन्धित फर्म को उक्त के सम्बन्ध में नोटिस जारी करें साथ ही एक सप्ताह के अन्दर मानक के अनुसार गुणवत्तपूर्वक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं इस कृत्य हेतु सम्बन्धित फर्म पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार रू0 50-00हजार का अर्थदण्ड आरोपित किया जाए।

इसी प्रकार नगर आयुक्त द्वारा जोन 4 वार्ड 89 बक्शी खुर्द में नाली एवं इण्टर लॉकिग सड़क पुलिया सुधार कार्य का भी निरीक्षण किया गया इस दौरान मेसर्स सिंह कन्सट्रक्शन द्वारा पाया गया कि इण्टरलॉकिंग बिछाये जाने से पूर्ण 100 एम एम मोटाई में जीएसबी बिछाये जाने का प्राविधान है जो कि मानक के विपरीत है इस हेतु भी नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियन्ता, को निर्देशित किया कि फर्म को नोटिस निर्गत करे कि एक सप्ताह के अन्दर मानक के अनुरूप जीएसबी बिछाते हुए गुणवत्तापूर्वक सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें यदि सम्बन्धित फर्म द्वारा संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत न होने पर रू0 02-00 लाख का अर्थदण्ड आरोपित किया जाए।

## न्यूज झरोखा

### सेवानिवृत हुए धमेश कुमार यादव चाहने वाले की आंखें हुई नम



**प्रयागराज।** बुधवार जॉर्जटाउन स्तिथ पावर हॉउस से सेवानिवृत्त हुए धनेश कुमार यादव लम्बे समय से सेवा दिया विधुत विभाग में अपनी ईमानदारी से पहचाने जाते है। विधुत विभाग के जहाँ जहाँ कार्यलय में सेवा देते थे। वही लोगो दिलों में अपनी छाप छोड़ देते थे,बेहद सरल स्वाभाव के औ? मिलनसार मिजाजी हर कार्यचारियों का सहयोग भी करते थे। बुधवार उनके विदाई समारोह के अवसर पर उनके चाहने वालो धूम धाम से उन्हें विदा किया। उनकी तारीफों की तालियों की तड़तड़हट से प्रांगण गूंज उठा। अधिकारियो ने जमकर उनकी कार्यशैली की तारीफ़की कहा आप जैसे ईमानदार कर्मठ हम लोगो को जरूरत है। इस विदाई समारोह कार्यक्रम में बिजली विभाग की तमाम आला अधिकारी चीफ विश्वदीप, नजम अहमद अधीक्षण अभियंता, मनोज सिंह अधीक्षण अभियंता,नरेश कुमार,मनोज यादव, सतीश एसडीओ, विमलेश अधीक्षक अभियंता, रमेश चंद्र निर्मल प्रशासनिक अधीक्षक, मनोज कुमार शुक्ला, कार्यालय अधीक्षक, व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### ब्लैकमेल कर रुपए ऐठने का लगाया गया आरोप, तहरीर

**सोरांव।** संगम लाल पुत्र मंशा राम निवासी लेहरा का आरोप है कि गांव का ही एक दबंग युवक पुरानी रंजिश को लेकर आए दिन उसको परेशान करता रहता है। तथा युवक दबंग व भू माफिया किस्म का व्यक्ति है। आरोप है कि किसी न किसी बात को लेकर अक्सर थाने पर शिकायती पत्र देता रहता है। जेल भेजवाने की धमकी देता रहता है। बदले में दबाव तथा ब्लैक मेल करके उससे रुपए ले लेता है। नही देने पर गाली गलौज और मारपीट भी करता है। जिससे पीड़ित और पीड़ित का परिवार डरा सहमा है। मामले में पीड़ित ने थाने पर शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया है। गौरतलब है कि बीते 25 अप्रैल को आधी रात में गांव के ही पवन व प्रदुम पटेल पुत्र शंकर लाल आबादी की भूमि पर घास फूस की एक छोटी सी छप्पर रखे थे। और रात्रि अपने छप्पर में खुद आग लगा दिए। और आरोप बिना साक्ष्य के भुक्त भोगी को लगाकर परेशान कर रहा है। और हजारों रुपए की मांग कर रहा है। न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिसको लेकर पीड़ित ने बुधवार को फाफामऊ थाने पर शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है

### अचानक तबीयत ख़राब हुई अस्पताल ले जाते समय मौत



**लालापुर।** क्षेत्र के डेराबारी गांव निवासी छोटेलाल पाल उम्र 28 वर्ष की तबियत अचानक ख़राब हुई।परिजन अस्पताल ले गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मृतक के पिता की दो माह पहले मौत हो गई थी।ग्रामीणों की माने तो भीषण गर्मी होने के कारण छोटे लाल की मौत हुई है।मृतक के परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल है।

### प्रस्तावित आगनवाड़ी की जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा, ग्रामीणों ने किया विरोध



**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र के करौहा गांव के मजरा मोहम्मदपुर में दबंग प्रस्तावित आगनवाड़ी की जमीन पर कब्जा कर रहे है। ग्रामीणों ने दबंगो के खिलाफ़प्रदर्शन कर कानूनी कार्यवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान अनीता देवी ने उपजिलाधिकारी को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि गांव में आबादी की जमीन पर ग्रामीण काबिज है।खाली जमीन पर ग्राम सभा द्वारा आगनवाड़ी का निर्माण प्रस्तावित है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कुछ दबंग खाली जमीन पर कब्जा करने की नियत से टीन छप्पर डाल रहे है। गांव के पूर्व ग्राम प्रधान गिरधारीलाल सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आगनवाड़ी केंद्र ना होने से छोटे छोटे बच्चे पेड़ के नीचे पढ़ते है।हवा चलने पर पेड़ की डाल गिरती रहती है जिससे बच्चे हादसे का शिकार हो सकते है।ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर दबंगो से जमीन खाली कराते हुए कार्यवाई की मांग की है।

### जेठ ने भयाहू को मारा पीटा मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** कंडी पाथने को लेकर हुए विवाद में जेठ ने अपनी भयाहू को मारा पीटा।भयाहू ने जेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय जोधराय निवासनीय पूजा यादव पत्नी राम सिंह का आरोप है कि उपली पाथने को लेकर जेठ ने अनायास उसे मारा पीटा और गालियां भी दी। पूजा यादव ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अपने जेठ रामचन्द्र पुत्र राम सजीवन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# एकजुट होकर कार्य करें सोशलिस्ट पार्टी के लोग, उर्मिला शर्मा

### प्रयागराज संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी शेखू नवाब के नामांकन की तैयारी शुरू

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के प्रत्याशी शेखू नवाब के चुनाव के लिए पार्टी अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला शर्मा ने पूरी क्षमता से चुनाव प्रचार करने तथा नामांकन की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है। इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र प्रयागराज लोकसभा प्रत्याशी की चुनावी रणनीति तैयार करने के लिए राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक पार्टी अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रत्याशी शेखू नवाब ने कहा कि वह प्रयागराज की जनसमस्याओं के निराकरण के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए समाजवादी विचारधारा के लोग एक मंच पर आए। ताकि समाज में भाईचारा और शांति की स्थापना हो सके। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र में बदलाव लाएंगे। लोगों की दुश्वारियां और सामाजिक समस्याओं का निराकरण करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के संकल्प को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। बैठक में उर्मिला शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अंकुर झारखरिया राष्ट्रीय महासचिव, श्रीकांत तिवारी राष्ट्रीय प्रवक्ता, डॉ. अनिल शुक्ल राष्ट्रीय सचिव, राजीव कुमार पांडेय-प्रदेश अध्यक्ष, शर्वेश्वर त्रिपाठी महासचिव, आशीष कुमार द्विवेदी उपाध्यक्ष जिला प्रयागराज, रवि सोनकर ,संदीप कुमार यादव महामंत्री- जिला प्रयागराज, शाहनवाज़ अहमद, मोहम्मद शाहिद, मो. अमजद, अयाज़ अहमद, आदि लोग उपस्थित रहे।



# पाकिस्तान से आए श्रद्धालु, संगम देखकर निहाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पाकिस्तान के 35 शहरों से 250 हिंदू सिंधी श्रद्धालुओं का दल बुधवार को प्रयागराज पहुंचा। श्रद्धालुओं के आगमन पर रेलवे जंक्शन पर भव्य स्वागत किया गया। रायपुर के शदाणी दरबार के पीठाधीश्वर साई डॉ. युधिष्ठिर लाल के सानिध्य में शहर पहुंचे दल ने धार्मिक, ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। श्रद्धालुओं ने अक्षयवट, बड़े हनुमान मंदिर और अलोपशंक देवी का दर्शन-पूजन किया। चंद्रशेखर आजाद पार्क स्थित शहीद आजाद को माल्यार्पण किया। दर्शन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने कीडगंज स्थित सिंधी धर्मशाला में रात्रि विश्राम किया। प्रयागराज के बाद श्रद्धालुओं का दल अयोध्या प्रस्थान करेगा। विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, विभाग संगठन मंत्री अंशुमान, विभाग सह मंत्री कैप्टन सत्य प्रकाश मिश्रा, देशराज, योगेश, शिवम द्विवेदी, ओम आनंद, लवलेश बजरंगी, अमरनाथ तिवारी, प्रदेश सिंधी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश, दीपक लालवानी, पवन वलेशा, लालचंद, धर्मदास वलेशा, अजीत जोगी, बसंत आहूजा, मनीष रंगलानी, सन्नी तोलानी आदि मौजूद रहे।





# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के छात्रों के लिए यह औद्योगिक यात्रा हमारे भविष्य में बहुत उपयोगी है

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज ने छात्रों के लिए एक औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया था जोया इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड प्रयागराज जिसे सामाजिक आर्थिक और नए उत्पाद विकास में संलग्न होना अनिवार्य है। इसकी स्थापना 2023 में सामाजिक कार्यकर्ता और उद्योगपति बी.एल.खान द्वारा की गई थी। कंपनी की दृष्टि इन बुनियादी सिद्धांतों से बहती है, भूखे भारतीय लोकाचार को खिलाती है और शरीर मन और आत्मा की इच्छाओं को पूरा करने का प्रयास करती है। इस अच्छी तरह से शोध किए गए प्रयास की परिणति प्रयोगशाला के रूप में उद्योग के साथ उच्च तकनीकी मशीनों की जगह लेने वाली मशीन श्रमिक और उनके परिवार प्रौद्योगिकीविद् बन गए उद्योग द्वारा एक अनूठा मॉडल विकसित किया गया जिसे इसकी प्रतिकृति के लिए आईएसओः 9001-2008 से सम्मानित किया गया।

**मजदूर दिवस 2024 के अवसर पर**

# बैनर तख्ती के साथ मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के मार्गदर्शन मे विकास खंड बहरिया के कस्तूरबा विद्यालय से मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी एवं रैली का आयोजन किया गया। रैली को विकास खंड के खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मौर्य ने हरी झंडी दिखाते हुए रैली की अगुवाई की। रैली मुख्य बजार व ग्राम सभा के अनेको गाँवो से होते हुए कस्तूरबा विद्यालय पर आकर समाप्त हुयी। रैली के दौरान जनपदीय स्काउट गाइड नुक्कड़ नाटक टीम जगह जगह अभियान गीत व स्लोगनो के माध्यम से लोगो को अधिक से अधिक मतदान का सन्देश देती हुयी चल रही थी साथ ही गाइड बच्चे बैंड की धुन पर जागो जागो हे मतदाता का नारा लगते हुए मार्च कर रहे थे। रैली का नेतृत्व ब्लॉक गाइड कैप्टन संगीता सिंह व ब्लॉक स्काउट मास्टर अखिलेश कुमार कर रहे थे। जिला संगठन आयुक्त गाइड गायत्री यादव व नुक्कड़ नाटक टीम की लीडर श्रद्धा श्रीवास्तव ने रैली के समापन पर कस्तूरबा विद्यालय मे छात्राओं को मतदाता जागरूकता थीम पर आधारित निबंध नाटक तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मिश्रा,खंड शिक्षा अधिकारी शिव औतार, जिला मुख्यालय आयुक्त एवं समन्वयक एम डी एम राजीव त्रिपाठी, जिला स्काउट मास्टर फ़िरोज़ आलम खान, जिला गाइड कैप्टन प्रवीण सिंह तथा आई टी कोऑर्डिनेटर अनुरागिनी सिंह ने रैली प्रतिभागियों से अपील करी की वो अपने मिलने जुलने वालों, मित्रो सहयोगियों तथा सेवित क्षेत्र की जनता के मध्य लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाते रहे और 25 मई को अधिक से अधिक मतदान कराये।रैली मे प्रेम नारायण, उमेश चंद्र द्विवेदी, पुष्पांजलि मौर्य, मधुरिमा गुप्ता, राशि शर्मा, अल्का सेठ, पिंकी वर्मा, सीमा कुमारी, विनीता, अनीता वर्मा तथा कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन तथा गाइड कैप्टन सहित पूरे स्टाफ ने प्रतिभाग किया।

# सपा, बसपा व कम्युनिस्ट के प्रत्याशियों ने किया नामांकन

### सपा प्रत्याशी के नामांकन में रही गहमा-गहमी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से आज समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी तथा सोशलिस्ट यूनिटी सेन्टर आफ इण्डिया (कम्युनिस्ट) के प्रत्याशी ने नामांकन किया। सबसे पहले समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी एसपी पटेल आज सुबह बेल्हा देवी मंदिर में दर्शन करने के बाद सपा व कांग्रेस कार्यालय होते हुए जिला कचहरी पहुंचे, जहां उन्होंने नामांकन दाखिल किया। इसके बाद अपरान्ह में लगभग पौने दो बजे बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी प्रथमेश मिश्रा ने सादगी के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। बाद में सोशलिस्ट यूनिटी सेन्टर आफ इण्डिया (कम्युनिस्ट) के प्रत्याशी रामकुमार यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया। आज कुल तीन नामांकन दाखिल हुए।

लोकसभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया में बुधवार को इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी पूर्व एमएलसी डॉ. एस. पी. सिंह (शिवपाल सिंह पटेल) ने अपने दलबल के साथ चिलबिला कार्यालय से निकल मां बेल्हा देवी का दर्शन-पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया, इसके बाद सपा कार्यालय पहुंचे जहां से इण्डिया गठबंधन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ अम्बेडकर चैराहे स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिला कलेक्ट्रेट पहुँचकर दो सेट में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के उपरांत सरदार वल्लभ भाई पटेल,पंडित मुनेश्वर दत्त उपाध्याय व डॉ राममनोहर लोहिया, सरदार भगत सिंह तथा स्टेशन रोड स्थित स्वामी विवेकानंद सहित शहर स्थित विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमा के समक्ष पुष्प व माल्यार्पण किया। इसके उपरांत जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित जनसभा में पहुंचे जहां पर इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल ने कहा कि प्रतापगढ़ में उद्योग विहीन होने से यहां के लोगों को रोजगार के लिए भटकना पड़ता है। यहां की जनता को स्वास्थ्य,शिक्षा सहित मूलभूत सुविधाएं सही तरीके से नहीं मिल रही हैं। उन्होंने दावा किया कि यहां पर मेरा चुनाव प्रतापगढ़ की जनता लड़ रही है क्योंकि हमें चहुंओर जनता का समर्थन लगातार मिल रहा है। इस मौके पर विधायक हाकिम लाल बिंद, पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह यादव, विधायक राम सिंह पटेल, कांति सिंह पटेल पूर्व एमएलसी, सपा नेता संजय पाण्डेय, कांग्रेस जिला अध्यक्ष नीरज तिवारी,आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, कम्युनिस्ट पार्टी के राम बरन सिंह,लाल बहादुर तिवारी,सपा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय, कांग्रेस नगर अध्यक्ष इरफान सपा नगर अध्यक्ष निसार अहमद आदि ने सम्बोधित किया। सभा का संचालन महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। प्रस्तावक के रूप में सुशील कुमार व अब्दुल कादिर जिलानी मौजूद रहे। उधर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी प्रथमेश मिश्रा ने अपना नामांकन दाखिल किया। उनकी पत्नी प्रीति मिश्रा उनकी प्रस्तावक रहीं। अपरान्ह में 1.20 बजे अपने आवास से निकलकर प्रथमेश कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने अपना नामांकन जिलाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने अपने समर्थकों से कहा कि वह इसी धरती की माटी में पले-बढ़े हुए हैं। इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष सुशील गौतम, अवधेश तिवारी, मुनीर अली, रवीन्द्र रावत आदि मौजूद रहे।


अपना नामांकन दाखिल करते सपा प्रत्याशी एसपी पटेल।


अपना नामांकन दाखिल करते बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्रा।

### सपा के नामांकन में प्रमोद तिवारी व डा0 आरके वर्मा रहे नदारद

**प्रतापगढ़।** सपा के नामांकन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा रानीगंज के विधायक डा0 आरके वर्मा नहीं दिखाई पड़े। डा0 आरके वर्मा तो जब से एसपी पटेल सपा प्रत्याशी घोषित हुए हैं, उनके किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नहीं आए लेकिन प्रमोद तिवारी का आने की लोगों को आशा थी लेकिन वह नामांकन में नहीं पहुंचे।

## व्यय प्रेक्षक ने उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीमं के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक सुब्रत धर (आई0आर0एस0) ने विकास भवन सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह के साथ निर्वाचन को लेकर गठित उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, वीडियो सर्विलान्स टीम तथा व्यय अनुवीक्षण टीम के सदस्यों के साथ बैठक कर अब तक किये गये कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी को निर्देशित किया कि जनपद प्रतापगढ़ से सटे जो बार्डर वहां पर वैरीकेडिंग, चेकिंग प्वाइन्ट बनाकर आने जाने वाहनों की गहनता से चेकिंग करायी जाये, उड़नदस्ता टीमें क्षेत्रों में भ्रमण कर आकस्मिक वाहनों की जांच करायी जाये, चेकिंग के दौरान नकदी, शराब, पैसा, आभूषण तथा अन्य सामग्री पाये जाने पर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करें। उन्होने कहा कि जिस टीम को जिस प्वाइन्ट पर लगाया है वह टीम वहां पर उपस्थित रहे। हमारे द्वारा भी समय-समय पर चेकिंग प्वाइन्ट का निरीक्षण किया जायेगा। उन्होने सहायक व्यय प्रेक्षक को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत प्रत्याशियों द्वारा किये जा रहे खर्च को लेखा जोखा रखा जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने व्यय प्रेक्षक का आभार व्यक्त किया और कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिये गये है उसके सम्बन्ध में अधिकारियों अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। बैठक जिला आयकर अधिकारी, उपायुक्त जी0एस0टी0, जिला आबकारी अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

### चार मई को आएंगे राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी व राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के राष्ट्रीय महासचिव/प्रभारी उ.प्र. अविनाश पाण्डे एवं राष्ट्रीय सचिव, पूर्व कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ राजेश तिवारी चार मई को दिन में एक बजे इण्डिया गठबन्धन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ.एस.पी सिंह पटेल जी के समर्थन में स्थानीय शैल श्याम पैलेस में संगठन की एक बैठक में शामिल होंगे।

महासचिव अविनाश पांडेय संगठनात्मक बैठक के साथ साथ कांग्रेस पार्टी एवम सामाजवादी पार्टी के बीच समन्वय बैठक को संबोधित करेंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लोकसभा कोऑर्डिनेटर संजय तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, महासचिव मुकुंद तिवारी एवम प्रदेश सचिव राकेश मौर्या भी मौजूद रहेंगे। बैठक को सफल बनाने के उद्देश्य से आज जिला अध्यक्ष डॉ0 नीरज तिवारी की अध्यक्षता में सभी सम्मानित लोकसभा चुनाव हेतु नवनियुक्त विधानसभा प्रभारीगण, ब्लॉक प्रभारीगण पूर्व विधानसभा प्रत्याशीगण, नगर पालिका एवम नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशीगण, पी.सी.सी सदस्य गण, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष गण, जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान पदाधिकारीगण, नगर कांग्रेस कमेटी के वार्ड अध्यक्ष गण एवम पदाधिकारी गण, सभी फ्रंटल संगठन के जिलाध्यक्षगण उनकी कमेटी, विभाग एवम प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, इंदिरा भवन पर सम्पन्न हुई, जिसमें उ0प्र0कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी मुकुन्द तिवारी व सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी भी मौजूद रहे। इस दौरान जिले में पहली बार आये प्रदेश महासचिव मुकुन्द तिवारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहा कि सभी जिला/नगर, ब्लॉक व न्यायपंचायत पदाधिकारी सहित सभी फ्रंटल संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के अध्यक्षों व पदाधिकारी बैठक में अनिवार्य रूप से आये। उन्होंने कहा कि चुनाव शुरू हो चुके हैं, हम सभी को मिलकर पूरी ताकत व मजबूती से काम करना होगा। बैठक में नगर अध्यक्ष इरफान अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, पीसीसी सदस्य डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, सुनीता सिंह पटेल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सरोज कश्यप, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, राम रतन तिवारी, आशुतोष तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी, प्रवीण द्विवेदी, सुरेश मिश्र, सुधीर तिवारी, विजय शंकर तिवारी, डॉ0 अजय सिंह, इन्द्रानंद तिवारी, दृगपाल यादव, राम कृपाल पासी, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, लालजी यादव, छोटे लाल सरोज, रामबोध शुक्ल, श्याम शंकर तिवारी, विजय प्रताप त्रिपाठी, अभय तिवारी, रामू पांडेय, मो0 आफाक, सोनी तिवारी, नफीस खान, सलीम उल्ला, जावेद, बेलाल, असीस शुक्ला सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।


प्रदेश महासचिव का माल्यार्पण कर स्वागत करते कांग्रेसीं।

## साथी के उजड़े आशियाने को बसाने की बच्चों की अनोखी पहल

### राहत सामाग्री के साथ विकास के घर पहुंचे बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के बच्चे

### बांस, बल्ली, सरपत टिन से घर बनाने का शुरू किया प्रयास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समुद्र पर पुल बनाने में वानर सेना रीछ और भालू सभी जी तोड़ मेहनत कर रहे थे। उन्हीं के बीच एक छोटी गिलहरी भी अपना योगदान दें रही थी। सहपाठी विकास के उजड़े आशियाने को फिर से बसाने के लिए गिलहरी की तरह छोटे बच्चे और छात्र एकजुट हो गए। उन्होंने राहत सामाग्री जुटाई घर बनाने का सामान बांस, बल्ली, सरपत, टिन लेकर पहुंच गए बोधी पांडेय का पुरवा विकास के घर। उजड़े घर को फिर से बनाने का जोरदार प्रयास शुरू कर दिया। उनके हौंसले और हिम्मत की पूरा गांव सराहना कर रहा है।सदर ब्लाक के बोधी पांडेय के पुरवा में विकास गौतम का छप्पर का घर था। जो मंगलवार की दोपहर भीषण अग्निकांड में स्वाहा हो गया। इस घटना में विकास उसकी बहन और चाची झुलस गए। बकरियां जिंदा जल गई। खाने पीने का सामान, सारी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। उसका पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। दाने दाने को मोहताज हो गया। विकास बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी से जुड़ा है। यह जानकारी ग्रुप के बच्चों और छात्रों को हुई तो सभी अपने अपने स्तर से मदद करने घरों से निकल पड़े। बच्चे बीबीएफजी के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में एकत्र हुए। सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने बताया कि छात्रों ने एक एक सामान जुटाया। उसके बाद सिर पर रखकर निकल पड़े विकास के घर। घर पहुंचने के बाद विकास की माता को खाने का सामान और घर बनाने की सामाग्री दी गई। इस दौरान साहिल ने आटा, चावल हिमांशु ने सब्जी, शनि ने तेल दाल नमक, अंश पटेल, निखिल और शिवा ने बांस बल्ली, कृष्णा और राहुल ने लोहे की चद्दर का इंतज़ाम किया। अभिषेक वर्मा ने सरपत और सरसेठा जुटाया।

## पंचमुखी मंदिर परिसर में समारोहपूर्वक मना मई दिवस

### वक्ताओं ने रखे अपने-अपने विचार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मई दिवस के अवसर पर नगर में पंचमुखी मंदिर परिसर में मई दिवस त्यौहार समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का संयोजन ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस एटक के प्रांतीय मंत्री हेमंत नंदन ओझा ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण बैंक कर्मियों के नेता एवं जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के संरक्षक बीपी त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का आरंभ सुरेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में उद्घाटन भाषण मजदूर नेता रामसूरत ने किया।

मई दिवस समारोह को प्रमुख रूप से बैंक कर्मियों के नेता एवं जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के महामंत्री एन पी मिश्रा, सी पी आई के जिला मंत्री रामबरन सिंह, राजमणि पांडे,लाल झंडा जल निगम मजदूर यूनियन के मंत्री अजय श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक यूनियन के जिला अध्यक्ष आर डी यादव, मंत्री राघवेंद्र कुमार मिश्रा, पल्लेदार मजदूर यूनियन के मंत्री महेश सरोज, बिजली कर्मचारी संघ लालगंज डिवीजन के अध्यक्ष कमलेश चंद तिवारी रानीगंज डिवीजन के अध्यक्ष विजय सिंह मंत्री संतोष सिंह, महाबली मौर्य आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सन 1986 को शिकागो शहर में 8 घंटे के काम के अधिकार को लेकर हुए संघर्ष के आरंभ में अनेक श्रमिकों को अपनी शहादत देनी पड़ी थी। बाद में 8 घंटे श्रमिकों के काम का अधिकार हो गया। भारत में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस एटक की स्थापना 1920 में हुई इसके उपरांत देश में तमाम श्रम कानून का निर्माण हुआ जिसमें प्रमुख रूप से ट्रेड यूनियन एक्ट, कर्मचारी प्रतिकार अधिनियम, वेतन समुदाय अधिनियम आज विभिन्न कानून बने। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोतीलाल वर्मा कमलेश सरोज अर्जुन सिंह अमरनाथ सरोज जितेंद्र कुमार बेचन अली सीताराम देवता दिन लालचंद राम प्रकाश तिवारी राजेश कुमार तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



पंचमुखी मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते वक्ता।

## कटे पेड़ को लेकर पीड़ित पहुंचा कोतवाली

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कटहल का पेड़ व अमरूद के पेड़ को पड़ोसियों ने काटकर गिरा दिया जिसका विरोध करने पर मारने पीटने के लिए दौड़ा लिया पीड़ित घर में भाग कर अपनी जान बचाई मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के दोनई गांव के रहने वाले बृजेश ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका हरे कटहल का पेड़ वह अमरूद का पेड़ उसका पड़ोसी बुधवार की सुबह काट कर गिरा दिया जिसका विरोध करने पर उपरोक्त लोग लाठी डंडा लेकर एक राय से मां-बहन को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए फौजदारी आमादा होकर पीड़ित के घर पहुंच गए पीड़ित ने घर के अंदर भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। जिसके बाद कटे हुए हरे पेड़ को लेकर कोतवाली पहुंचा और आरोपियों को विरुद्ध प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच में जुटी हुई है।

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना दिलीपपुर के उ0नि0 परशुराम पाण्डेय मय हमराह हे0का0 हरिश्चन्द बिन्द द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वाछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान केश नं0 24/03, धारा 393 भादवि थाना कंधई से संबंधित वारण्टी अभियुक्त शम्भू पुत्र शिवमूर्ति निवासी ग्राम याहियापुर थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ को याहियापुर चैराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। केश नं0 580/2015 धारा 325, 323, 504, 506 भादवि थाना कंधई से संबंधित अभियुक्त विजय प्रताप गिरी पुत्र भोलाशंकर गिरी निवासी ग्राम गोई थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## गेहूं की पारली में लगी आग गांव तक पहुंची, ग्रामीणों में दहशत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणों से गेहूं की पराली में लगी आग लगने से गांव में रहा दहासत का माहौल मौके पर पहुंचे ग्रामीणों आग पर काबू पाया। आसपुर देवसरा के बेहटा गांव में बुधवार की दोपहर में 12 बजे के करीब नहर के किनारे गेहूं की पराली के खेत आग लग गई आग धीरे-धीरे बेहटा गांव की तरफ बढ़ते हुए आबादी के करीब पहुंची गई आग से कई फलदार वृक्ष को आपने आगोश में ले लिया घटना की सूचना ग्रामीणों ने आसपुर देवसर पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड को दी मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर बुझा कर राहत की सांस ली आग से रोशन पांडे, शिवम, यस आदि ग्रामीणों का हरा पेड़ जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गया।

## सभी व्यापारी 20 व 25 मई को अपने प्रतिष्ठान रखेंगे बंदः राजेन्द्र केसरवानी

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने बताया कि अधिकारियों द्वारा 20 मई व 25 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के कारण सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान दोनों दिन बंद रहेंगे। इस दिन समस्त व्यापारीगण अपने मतों का प्रयोग करें। सहायक श्रमायुक्त ने व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष से अपेक्षा की है कि वे भी अपने स्तर से व्यापारियों को इस पुनीत कार्य में सहयोग कराने का कष्ट करें। इस पर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने नगर से लेकर ग्रामीण अंचल की सभी तहसीलों एवं बाजारों के समस्त पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि 20 व 25 मई को मतदान के दिन सभी क्षेत्रों में अवकाश घोषित रखें।

### बाइक सवार युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाइक सवार युवक की विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित ऑल्टो कार की टक्कर में मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक जीवन और मौत से अस्पताल में जूझ रहा है। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पट्टी प्रतापगढ़ मार्ग पर खभोर गांव के समीप पट्टी कोतवाली क्षेत्र के समोगरा गांव निवासी कृष्ण कुमार उर्फ़ संगम अपने भांजे अंकित सिंह के साथ मंगलवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे बाइक से इटौंरी से अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित आल्टो कार ने बाइक में सामने से टक्कर मार दिया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगो ने आनन- फानन मे एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजा, जहाँ चिकित्सको ने कृष्ण कुमार सिंह उर्फ़ संगम सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल अंकित सिंह कि गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया गया है।

## मधवापुर में बन रहे अमृत सरोवर तालाब का अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

### औचक निरीक्षण मे मनरेगा मजदूरों की संख्या सही मिली

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कालाकांकर खंड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव इन दिनों ब्लाक कालाकाकर के ग्राम पंचायतो मे मनरेगा के तहत ग्राम प्रधानों के द्वारा कराये गये कार्यो के साथ मजदूरों की संख्या का आये दिन बिना बताये औचक निरीक्षण कर रहे है।बुधवार को खंड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव बिना सूचना के अचानक ग्राम पंचायत मधवापुर पंहुचे जंहा 8 लाख रुपये की लागत का मनरेगा के तहत मजदूरों से तालाब की खुदाई में लगे मजदूरों की संख्या देखने पहुँचे।

जहां ग्राम प्रधान श्यामावती के प्रतिनिधि द्वारा मौके पर तालाब खुदाई मे 50 मजदूर लगाए गये जिसमें मौके पर खंड विकास अधिकारी को पूरे मजदूर मिले। ग्राम प्रधान के कराये गये कार्य से खंड विकास अधिकारी ने सराहना किया। इसी अमृत सरोवर के बगल एक और तालाब है जिसमे लबालब भरा पानी के साथ हरे भरे तालाब के किनारे पेड़ पौधे देख खुश होकर प्रशंसा किया। बता दें कि इस भीषण गर्मी की परवाह न करते हुए खंड विकास अधिकारी प्रवीन श्रीवास्तव मनरेगा के अंतर्गत हो रहे कार्य व मजदूरों की संख्या का औचक निरीक्षण कर रहे है जिससे ग्राम प्रधानों मे हड़कंप मचा हुआ है, जहां पर फर्जी मजदूरों की संख्या दिखाकर कार्य का भुगतान कराया जा रहा है जाँच मे गलत पाये जाने पर भुगतान रोक दे रहे है। बिना गांव का नाम लिए बताया कि कागजात मे कार्य दिखाकर फर्जी लेवर दिखाकर भुगतान लेने का प्रयास कर रहे थे जब जाँच करने गये तो मौके पर एक भी मजदूर कार्य करते नही दिखाई दिये।


तालाब की खुदाई में मनरेगा मजदूरों की संख्या की जाँच करते अधिकारी

## चोरी का टेबलेट व नकदी बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के थाना अंतू से निरीक्षक विनोद कुमार यादव मय हमराह यूटी उ0नि0 श्री अनुपम पटेल, का0 अनिल कुमार यादव, चालक का0 छोटक चैधरी देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना अंतू के मु0अ0सं0-198/2024 धारा 457, 380 भादवि से संबंधित अभियुक्तों अशोक कुमार धुरिया पुत्र राधा कृष्णा निवासी नौहा लालू थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़ के पास एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, 1500 रुपये नगद बरामद,. सनी पुत्र फूलचन्द्र निवासी चैहान पुरवा पठानपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी के पास चोरी का 01 अदद टेबलेट सैमसंग कम्पनी, 04 अदद देशी बम, 1000 रुपये नगद के साथ थाना क्षेत्र अंतू के सण्डवा चन्दिका के आगे लीलापुर जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार किया गया है। उक्त बरामद मोटर साइकिल हीरो स्ट्रीम को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक अदद टेबलेट सैमसंग कम्पनी, नगद 2500 रुपये बरामदगी के संबंध में उपरोक्त मुकदमें धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से पूरेकेशवराय गायघाट स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम प्रभारी सुजीत कुमार राय ने बताया कि ईवीएम और वीवीपैट का पहला रेंडमाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं सभी विधानसभावार ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को आवंटित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने सुव्यवस्थित ढंग से रखे गये ईवीएम एवं वीवीपैट का अवलोकन किया।

# राहुल गांधी के पिता, दादी-दादी के पिता भी नहीं खत्म कर पाए आरक्षण,यह कैसे कर पाएंगे : केशव प्रसाद मौर्य



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के लिए कौशाम्बी पहुंचे यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा इस बार यूपी की कौशाम्बी सहित 80 में से 80 सीटे जीत रहे है,डिप्टी सीएम ने कहा कि 2014 में मोदी जी की लहर थी,2019 में मोदी जी की आंधी थी और 2024 में मोदी जी का तूफान है,सुनामी है,बड़े अंतर से कौशाम्बी समेत यूपी की सभी लोकसभा सीट जीतेंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि राहुल गांधी के ट्वीट ह्लआरक्षण खत्म करने वाली टीम के सरगना है नरेंद्र मोदीह्व के बयान पर कहा कि आरक्षण तो उनके पिता नही खत्म कर पाए,उनकी दादी,उनकी दादी के पिता तक नही खत्म कर पाए,नरेंद्र मोदी के रहते कोई आरक्षण खत्म नहीं कर सकता।वह क्या आरक्षण खत्म करेंगे,उन्होंने कहा हम बाबा साहब के संविधान पर चलते है।

## यह पहली बार हुआ जब हिंदुत्व के शेर के संबोधन को सुनने के लिए नहीं उमड़ी भीड़

**भाजपा सांसद विनोद सोनकर के नामांकन के बाद जनसभा को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कर रहे थे संबोधित**



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य हिंदुत्व के शेर कहे जाते हैं जब वह सांसद विधायक भी नही थे उस समय भी उनके कार्यक्रम में अपार भीड़ उनके संबोधन को सुनने के लिए उमड़ पड़ता था डायट मैदान में हिंदुत्व के शेर केशव प्रसाद मौर्य के कई कार्यक्रम आयोजित हुए जहां डायट मैदान से लेकर सड़कों तक अपार भीड़ भरी पड़ी थी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के ओजस्वी भाषण को सुनने के लिए हमेशा जनता ने उनके साथ दिया है डिप्टी सीएम के प्रति जिले की जनता की आस्था भी है आम जनता उन्हें अपना नेता मानती है लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में सांसद विनोद सोनकर के नामांकन के बाद जनसभा को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य संबोधित कर रहे थे लेकिन हिंदुत्व के शेर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के संबोधन को सुनने के लिए भीड़ नहीं उमड़ी है भीड़ बुलाने के लिए लोगों को पेट्रोल और नगद रुपए दिए जाने का लालच देने के बाद भी हजारों लोग इस भीड़ में एकत्रित नहीं हो सके हैं जबकि पूर्व के आंकड़े बताते हैं कि डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में 50 हजार लोग उनके संबोधन को सुनने के लिए एकत्रित होते थे भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर के कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के संबोधन को सुनने के लिए भीड़ ना एकत्रित होने के पीछे क्या कारण है यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है।

## कौशाम्बी में 02 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**06 ने खरीदे नामांकन पत्र, अब तक कुल 33 ने खरीदे नामांकन पत्र**



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को 02 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है,जबकि 06 लोगो ने नामांकन पत्र खरीदे है,जिसके बाद अब तक नामांकन पत्र खरीदने वालो की संख्या कुल 33 हो गई है। कौशाम्बी जनपद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 20 मई को होना निर्धारित है,जिसके लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है,26 अप्रैल से अब तक कुल नामांकन पत्र खरीदने वाले लोगो की संख्या 33 हो गई है,जबकि दो प्रत्याशियों ने बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।बुधवार को भारतीय जनता पार्टी से विनोद सोनकर और निर्दलीय प्रत्याशी मुन्ना लाल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार रॉय ने प्रत्याशियों से नामांकन पत्र स्वीकार किया है।

## भाजपा की सभा में भीड़ जुटाने को युवकों को दिया गया पेट्रोल और रुपए का लालच नहीं मिला तो हुआ हंगामा

**कौशाम्बी।** जिले में आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन किए जाने का मामला सामने आया है,जहा बेरोजगार युवकों को बाइक में पेट्रोल भरवाने और नगदी रुपए देने का लालच देकर भाजपा की जनसभा में बुलवाया गया था,लेकिन पेट्रोल और रुपए नही मिलने पर सैकड़ो युवाओं ने पेट्रोल पम्प पर ही हंगामा काटा मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक पेट्रोल पम्प में भाजपा की जनसभा में भीड़ एकत्रित करने को बेरोजगार युवकों को 250 का पेट्रोल और 500 रुपए नगद देने का लालच देकर बुलाया गया,बेरोजगार युवक अपनी बाइक लेकर पेट्रोल पम्प पहुंचे तो उनकी बाइक में मात्र 50 रुपए का ही पेट्रोल भरवाया गया,जिससे युवक नाराज हो गए और पेट्रोल पम्प पर ही हंगामा शुरू कर दिया। जहां तमाशा देखने वाले लोगों की भीड़ लग गई।

# विधानसभा चुनाव में तीनों सीट पर भाजपा को मिली थी करारी हार

**सपा के सामने हारने वाले भाजपा नेता कह रहे है लोकसभा चुनाव में सपा हो जाएगी साफ**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव में कौशांबी जनपद की तीनों विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को करारी हार मिली थी तीनों सीट पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों ने जीत का झंडा फहराया था लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद बिना किसी ठोस आधार के भाजपा की जीत का दावा कर रहे हैं विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखने वाले भाजपा के तत्कालीन विधायक भी समाजवादी पार्टी की हार की बात कर रहे हैं आगामी 20 मई 2024 लोकसभा का चुनाव नेताओं और लोगों के सर पर मंडरा रहा है सभी पार्टियां सभाएं कर एक दूसरे पर प्रत्यारोपण कर रहे हैं वही 2022 में भारतीय जनता पार्टी के लाल बहादुर और समाजवादी पार्टी के इंद्रजीत सरोज का कांटे की लड़ाई हुई थी जिसमें समाजवादी पार्टी के इंद्रजीत सरोज मंझनपुर के विधायक बने और भाजपा के मंझनपुर के विधायक रहे लालबहादुर चुनाव में समाजवादी पार्टी के सामने औधे मुंह गिर गए इतनी करारी हार हुई थी कि कभी किसी ने सोचा नहीं था लेकिन वही लाल बहादुर अब लोकसभा के चुनाव में मंच पर कह रहे हैं कि भाजपा चुनाव में जीत जाएगी जो स्वयं सपा के सामने नही टिक सके वहीं मंच पर आज झूठा ढिंढोरा पीट रहे हैं की 2024 में समाजवादी पार्टी साफ हो जाएगी इनकी बातों पर मतदाता कैसे यकीन करे जो सपा के सामने टिक नहीं सके कौशांबी के तीन विधानसभा क्षेत्र में तीनों भाजपा विधायक प्रत्याशी सपा के सामने औधे मुंह गिर गए थे लग रहा है कि लाल बहादुर भूल गए कि विधानसभा चुनाव में तीनों विधानसभा चुनाव में सपा के सामने भाजपा प्रत्याशी हार गए हैं और खुद सपा को होने वाले चुनाव में साफ करने को कहते हैं लोगों के मन में गूंज रहा है कि स्वयं साफ होने वाले दूसरे को साफ कैसे कर सकते हैं यह बात जन-जन की जुबान में व्याप्त हो गया है अब कैसे सपा को साफ करेंगे गोस्वामी तुलसीदास महाराज ने सही कहा है कि कलयुग में झूठे लोगों की पहचान होगी लाल बहादुर 2022 के चुनाव में सपा के सामने हार गए हैं और कलयुग का प्रमाण देखिए समाजवादी पार्टी के सामने हार कर मंच पर लाल बहादुर कैसे बोल रहे हैं।

# ऑनर किलिंग से हड़कंप बेटे ने मां की कर दी हत्या

**महिला जिसके साथ फरार हुई थी वह भी संदिग्ध है, शव को पेड़ो के पीछे छिपाया पुलिस जांच में जुटी**



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र में ऑनर किलिंग की सूचना से हड़कंप मच गया,भट्ठे पर काम करने वाली मां की उसी के बेटे ने हत्या कर दी और शव को पेड़ो के पीछे छिपा दिया सुबह खेतो की तरफ गए लोगो ने महिला का शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक संदेपन घाट थाना क्षेत्र के नईम का पूरा गांव के ईट भट्टे पर मजदूरी करने वाली संगीता उम्र लगभग 45 वर्ष 15 दिन पहले किसी के साथ चली गई थी बीती रात वह ईट भट्टे पर वापस आई है पुलिस सूत्रों के मुताबिक युवक ने अपनी ही मां की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को पेड़ो के पीछे छिपा कर फरार हो गया ग्रामीणों में चर्चा है कि युवक को अपनी मां के चरित्र पर शक था,जिसके चलते हत्या की गई है हालांकि महिला जिसके साथ फरार हुई थी वह भी संदिग्ध है घटना की सूचना पुलिस को ग्रामीणों ने दी,ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

## जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर मंडराने लगा खतरा

**कौशांबी।** लोकसभा चुनाव के शुरू होने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है समाजवादी पार्टी छोड़ देने वाले नेताओं को यह उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष पर अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा जिस पर उन्हें भाजपा से पूरा समर्थन मिलेगा। इसी उम्मीद पर सपा नेताओं ने समाजवादी पार्टी छोड़ दी है सूत्रों की माने तो समाजवादी पार्टी से त्यागपत्र देने वाले नेताओं को इस बात का आश्वासन भी दिया गया है और इसी आश्वासन के लालच में वह अखिलेश यादव पर तरह-तरह के आरोप लगाने लगे हैं उनकी यह फितरत कहां तक काम आएगी यह तो लोकसभा चुनाव के बाद पता चलेगा हालांकि जिला पंचायत के ज्यादा सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष से असंतुष्ट हैं और मौका मिलते ही वह अपनी भाषा बदल सकते हैं।

# क्या भाजपा के तूफान को झेल पाएंगे मतदाता !

अखंड भारत संदेश

**ऊंट किस करवट बैठेगा भाजपा नेताओं को नहीं है अंदाजा**

**कौशाम्बी।** भाजपा नेताओं का कहना है कि बीते लोकसभा विधानसभा चुनाव में भाजपा की आंधी थी और इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा का तूफान चल रहा है बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा की आंधी में तीनों भाजपा प्रत्याशी उड़ गए थे लोकसभा चुनाव 2024 के भाजपा के तूफान में कैसे भाजपा प्रत्याशी टिक पाएंगे लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान में किस प्रत्याशी को मतदाता पसंद करेंगे और किसका पलड़ा भारी रहेगा के सवाल के जवाब में भाजपा नेताओं का यह कहना है कि भाई साहब इसका अंदाजा हमें नहीं है जब भाजपा नेताओं को यह अंदाजा नहीं है कि लोकसभा चुनाव में ऊँट किस करवट बैठेगा भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी या नहीं होगी तो फिर आम जनता कैसे भाजपा प्रत्याशी की जीत पर विश्वास करें जिस तरह से आंधी तूफान और सुनामी मतदाताओं के बीच में चल रही है प्रत्याशी समर्थक असमंजस की स्थिति में है तमाम भाजपा नेताओं का तो यह भी कहना है की तूफान में पेड़ से गिरे पत्ते पेड़ के नीचे नहीं रह जाते हैं और इस लोकसभा चुनाव में भाजपा का तूफान इतनी तेजी से चल रहा है कि भाजपा के मतदाता भी इस तूफान में भाजपा से उड़ जाएंगे और दूसरे खेमे में पहुंच जाएंगे भाजपा के तूफान को मतदाता झेल नहीं पाएंगे जिसका नतीजा यह होगा कि भाजपा के सांसद प्रत्याशी भी भाजपा के तूफान को नहीं झेल पाएंगे और मतदाताओं के बीच से उड़ जाएंगे और उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ेगा।

## महामाया राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन



**कौशाम्बी** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक करने हेतु एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में छात्र/ छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया गया एवम महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। संगोष्ठी के विशिष्ट वक्ता डॉ अमित शुक्ला ने छात्र/छात्राओं मतदान के महत्व को समझाया और बताया मतदान लोकतांत्रिक देश में एक प्रमुख पर्व के समान है। और इस पर्व में भी हमें पूरे मनोयोग से भाग लेना चाहिए ताकि अपने देश के लिए एक योग्य सरकार का चुनाव करने में आपकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।संगोष्ठी के मुख्य वक्ता एवम महाविद्यालय के प्राचार्य ने डॉ अरविंद कुमार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्र/ छात्राओं को लोकतंत्र की उपयोगिता एवम इसके द्वारा नागरिकों को प्राप्त होने वाले अधिकार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राजतंत्रीय प्रणाली में जब लोगों को मतदान का अधिकार नहीं था तब जनता सरकारों द्वारा किए गए अत्याचारों को झेलने के लिए मजबूर थी। किंतु आज आपके पास वोट के रूप में ऐसी शक्ति है जो लोगों को अपनी सरकार चुनने का अधिकार देती है। अतः हमें अपने इस अधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना चाहिए और देश के लिए एक योग्य सरकार को चुनने में और देश के सकारात्मक विकास में अपना योगदान अवश्य देना चाहिए।संगोष्ठी का आयोजन डॉ रीता दयाल ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ नीलम बाजपेई, डॉ भावना केशरवानी, डॉ रमेश चन्द्रा एवम महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# कानूनगो व लेखपाल ने बगैर जमीन मालिक को सूचित किये जमीन की बिगाड़ी नवैयत

अखंड भारत संदेश

**आखिर लगभग 25 वर्ष पहले क्यों नहीं किया ऑब्जेक्शन अब क्यों दिखा रहे दबंगई**

**अपर आयुक्त प्रयागराज के यहाँ स्थगन आदेश व अग्रिम तिथि 30/5/2024 नियत है मुकदमा विचाराधीन परंतु मनमानी कर विक्रेता पक्ष के भाई ने बिगाड़ी क्रेता पक्ष की चौहद्दी**

**घर की बुजुर्ग महिला और बच्चों ने क्षेत्रीय प्रशासन से दबंगों के विरुद्ध मांगी मदद लेकिन नहीं मिल पायी मदद**

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के दौलतपुर कसार के अहमद अली पुत्र जमील उद्दीन आदि ने लगभग 25 वर्ष पहले जमीन खरीदा था जिसमें चौहद्दी नवैयत दो तरफ से रोड दर्ज है उस समय विक्रेता पक्ष के सभी हिस्सेदार राजी थे तब कोई एहराज और ऑब्जेक्शन नहीं था परंतु अब कई वर्ष बीत जाने के उपरांत जमीन बेशकीमती हो गयी है जिस पर विक्रेता के भाई जगजीत सिंह अपने भाई व भतीजों व अन्य सहयोगी इत्यादि की विक्रय की गई भूमि पर नजर खराब हो गयी जमीन में बिक्रीकर्ता के भाई ने चालाकी से जमीन के दूसरी छोर रोड के तरफ नलकूप लगाकर अपना हिस्सा कंफर्म कर लिया और लगभग 25 वर्ष पहले खरीदी गई भूमि हिस्से को बटवारा में जबरन शामिल कर भयंकर दोपहरी में बगैर प्रशासन व राजस्व टीम के जमीन के हिस्सेदार को सूचित किये व बगैर बुलाये जो की एक दुबई दूसरा बाम्बे, तीसरा प्रशासनिक सेवा बांदा में तैनात है इन सब तीनों क्रेताओं के उपस्थिति के बगैर चिलचिलाती गर्मी में जे सी बी व टेक्टर से नवैयत बिगाड़ कर मेड़ बांध दिया सबसे बड़ी बात जिसमें कमिश्नरी में स्थगन आदेश मुकदमा 208/2024 के बावजूद बगैर कमिश्नरी आदेश या उससे उच्च कोर्ट में विक्रेता पक्ष को किसी भी तरह का आदेश नहीं मिले बगैर सहयोगी को जानकारी के विपक्षी ने कब्जा कर लिया। आखिर जिले के आला अधिकारी क्या राजस्व टीम से जानकारी लेकर इन दबंगों पर सख्त कानूनी कार्यवाही करेंगे विपक्षी भाइयों ने 2 साल पहले तक पहले कभी भी अवरोध नहीं किया जिससे लगभग 25 वर्षों से उक्त क्रेताओं ने कब्जा लेते हुए बराबर उस भूमि पर खेती करते चले आ रहे है जिसमें विक्रेता ने अपना हिस्सा तरफ चौहद्दी भी डालकर बेंचा व रजिस्ट्री किया था क्या इस कृत्य की आला अधिकारी जांच कर व कमिश्नरी स्थगन आदेश व मुकदमे को देखते हुए दबंगों पर बगैर हिस्सेदार को सूचित किये व कमिश्नरी में चल रहे मुकदमे के अंतिम आदेश ना आने के बावजूद विक्रेता के भाइयों ने ऐसी दबंगई व कानून के सामने हिमाकत दिखाई है क्या नवैयत बिगाड़ने और कमिश्नरी में विचाराधीन मुकदमे की अवहेलना पर समय रहते कानूनी कार्रवाई कर पाएंगे जिससे ऐसे दबंग लोगों द्वारा कानून व्यवस्था खराब न होने पाए और पीड़ितों को समय रहते न्याय मिल सके।

## न्यूज झरोखा

### अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का कार्यक्रम आयोजन




**कौशाम्बी** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी मुख्यालय मंझनपुर पर अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का कार्यक्रम आयोजन किया गया। बुधवार 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर आए हुए मजदूर विशाल साहू ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम को प्रारंभ किया संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने मजदूर विशाल साहू को माला पहना कर स्वागत किया एवं आए हुए प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिवादन किया कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा मजदूर दिवस मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है मई दिवस मजदूर और श्रमिक वर्गों का एक उत्सव है जिसे अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक आंदोलन द्वारा बढ़ावा दिया जाता है संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि श्रमिक दिवस पूरे विश्व में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है आए हुए सभी प्रतिभागियों एवं अनुदेशकों का धन्यवाद किया मैं मजदूर हूं मजबूर नहीं श्रम करो शर्म नहीं इसी क्रम में संस्थान की सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा राजू शुक्ला सतीश चंद्र अनुदेशिका करिश्मा चौधरी रूपा देवी ममता एवं 30 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों को किया गया सम्मानित



**कौशाम्बी** अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस 1 मई के अवसर पर रिद्धि सिद्धि कोल्ड स्टोरेज व रिद्धि सिद्धि फार्म हाउस कृष्णा नगर भरवारी के श्रमिक भाई बहनो को पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता व कौशाम्बी जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ अंगद कुशवाहा के नेतृत्व में श्रमिकों को उपहार मिष्ठान वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद वार्ड नंबर 12 सूरज यादव, सुभाष गुप्ता, पूर्व प्रधान भागौती प्रसाद सरोज, कदीर अहमद, सहसंयोजक श्रम प्रकोष्ठ मनजीत कुशवाहा, सोशल मीडिया प्रभारी सुबोध दिवाकर, बादल कुशवाहा,पप्पू सरोज सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### जनहितकारिणी समिति ने श्रम मजदूरों को किया सम्मानित




**नेवादा कौशाम्बी** श्रमिक दिवस के अवसर पर मजदूरों को सम्मानित किया गया है एक मई को पूरे भारत मे श्रम दिवस मनाया जाता है यानी मजदूर दिवस के नाम से जाना जाता है जो मजदूरों के आजादी का दिन है और मजदूरों को सम्मान करने का दिन होता है क्यों कि मजदूर चिलचिलाती धूप हो या फिर कड़कड़ाती ठंढ हो या फिर झमाझम बारिस हो लेकिन हमारा या आपका या फिर किसी की भी मजदूरी करने से पीछे नही हटते अपने काम को पूरी लगन के साथ करते हैं इसी क्रम मे आज दिनांक 1 मई दिन बुधवार को जनहित कारिणी समिति उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी जिला अध्यक्ष रामबाबू केशरवानी ने अपने पदाधिकारियों के साथ तिल्हापुर मोड़ स्थित कार्यालय के नजदीक बजरंग बली के मंदिर पर श्रम मजदूरों जैसे सफाई कर्मियों व अन्य लेबर वर्ग के लोगों को फूल माला पहना कर व मिष्ठान का वितरण कर उनका स्वागत व सम्मान किया गया इस मौके पर सफाई कर्मी दिलीप कुमार मखऊपुर मानचन्द सेवढ़ा अजयकुमार कमालपुर बरेठी व महामंत्री मदन केशरवानी कोषाध्यक्ष सुनील केशरवानी सदस्य रनबिजय सिंह सदस्य बृजेन्द्र केशरवानी व अन्य कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

### महिला शिक्षक संघ कौशांबी द्वारा वितरित किया गया प्राधिकार पत्र



**कौशाम्बी** महिला शिक्षक संघ द्वारा प्राधिकार पत्र वितरण किए जाने का कार्यक्रम देसी चौपाल रेस्टोरेंट में श्रीमती सोनी केसरवानी जिला अध्यक्ष महिला शिक्षक संघ कौशांबी के नेतृत्व में 1 मई को किया गया प्राधिकार वितरण समारोह में सभी महिला पदाधिकारी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी शालिनी सिंह तोमर द्वारा किया गया ।सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण व बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद महिला शिक्षक संघ कौशांबी में संगठित सभी पदाधिकारी के विचारों को बारी-बारी से सुना गया और फिर महिला अध्यक्षा सोनी केशरवानी द्वारा भी उद्बबोधन किया गया तथा सभी पदाधिकारी को प्राधिकार पत्र ससम्मान वितरित किया गया। तत्पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से एक स्नेहिल मुलाकात की गई। जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा महिला संघ को मजबूती देते हुए मोटिवेट किया गया ।इस तरह से कार्यक्रम का समापन किया गया ।इस कार्यक्रम में महिला शिक्षक संघ की पदाधिकारी श्रीमती सोनी केसरवानी जिला अध्यक्ष, संगीता जिला महामंत्री, रजनी केसरवानी जिला उपाध्यक्ष, सुधा गौड़ जिला उपाध्यक्ष, नीलम केसरवानी जिला उपाध्यक्ष , मीरा यादव जिला मंत्री, केसकर सुदेशना जिला संगठन मंत्री, मुन्नी देवी जिला कोषाध्यक्ष, मिथिलेश सिंह जिला प्रचार मंत्री,शालिनी सिंह तोमर जिला मीडिया प्रभारी,,रेनू वर्मा जिला अध्यक्ष ब्लॉक मंझनपुर, स्नेह लता अध्यक्ष ब्लॉक सिराथू, नीलू चौरसिया महामंत्री ब्लॉक सिराथू ,वंदना कोषाध्यक्ष ब्लॉक सिराथू, आदि उपस्थित रही।

### भगवाधारी हुआ आबकारी का सिपाही

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव 2024 में कौशांबी जनपद में आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है भगवा गमछा पहनकर आबकारी विभाग का चालक वाहन चला रहा था नामांकन कक्ष की तरफ जाते समय भगवाधारी आबकारी के सिपाही को पुलिस ने रोका।

### बूंद बूंद पानी को तरसी भाजपा रैली की भीड़

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर के नामांकन के बाद जनसभा का आयोजन किया गया था इस जनसभा को उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने संबोधित किया है कार्यक्रम स्थल पर उम्मीद से कम भीड़ एकत्रित हुई लेकिन जो भीड़ एकत्रित थी भीषण गर्मी में कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित भीड़ पानी के लिए तरस रही थी नामांकन के समय भीड़ जुटाने के लिए भीड़ से पेट्रोल रुपए का सौदा तय किया था पेट्रोल तो लोगो को मिला नही इससे भीड़ में आए लोगों में आक्रोश देखा गया है पेट्रोल की बात छोड़ो पानी तक को प्रचार प्रसार वाले लोग तरस गए है भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मैं देखा जा सकता है

### भाजपा सभासद को दबंगों ने गाली गलौज कर दी जान से मारने की धमकी

अझुवा कौशांबी आदर्श नगर पंचायत सिराथू वार्ड नंबर 4 के सभासद रत्नेश सोनकर ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वार्ड भ्रमण के दौरान सपोले पासी,आकाश पुत्र गुरुवा पासी, ननका पासी पुत्र गया पासी चुनावी रंजिश रखते हैं बीती शाम रत्नेश सोनकर अपने वार्ड का भ्रमण कर रहा था तभी उपरोक्त दबंगों ने तमंचा सटाते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए कहा अभी तो ट्रेलर है 4 जून के बाद तुमको गोली मार देंगे रत्नेश सोनकर ने लिखित तहरीर देकर चौकी पुलिस से जान माल की गुहार लगाई है।

## संपादक की कलम से

## लव जिहाद के बाद अब वोट जिहाद

जिहाद वैसे कोई आतंकी शब्द नहीं है लेकिन इसका जन्म चूंकि अरबी भाषा से हुआ है इसलिए सनातनी इसे आतंक का पर्याय मानने लगे हैं। जिहाद का शुब्दिक अर्थ जाने बिना देश में वर्षों से राजनीति हो रही है। पहले ' लव जिहाद ' के नाम पर हुई और अब ' वोट –जिहाद ' के नाम पर हो रही है । लव जिहाद को लेकर भाजपा आक्रामक थी और वोट जिहाद कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद का जुमला है।

जिहाद का शब्दिक अर्थ होता है नैतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए की जाने वाली जद्दोजहद या संघर्ष, किसी जायज माँग के लिए भरपूर कोशिश करना या आंदोलन। जिहाद का अर्थ मेहनत और मशक़्क़त करना भी है किन्तु जिहाद का दुर्भाग्य कि उस जैसे पवित्र शब्द का चरमपंथियों ने गलत अर्थ दुनिया को समझा दिया और अब ये आम जिंदगी से निकालकर सियासत का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। इसके लिए जितने चरमपंथी जिम्मेदार हैं उतनी ही भाजपा और कांग्रेस भी जिम्मेदार है । भाजपा ने जिहाद के बाद लव –जिहाद को औजार की तरह इस्तेमाल किया तो मौजूदा आम चुनावों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने मुस्लिम मतदाताओं से सत्ता परिवर्तन के लिए ' वोट जिहाद' करने की अपील कर दी और अब फंस गए। उनके खिलाफ बाकायदा आपराधिक मुकदद्मा दर्ज कर लिया गया है।

उत्तर प्रदेश में मुसलमानों को लेकर सरकार अतिरिक्त रूप से संवेदनशील है ,शायद इसीलिए खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद फरुर्खाबाद पुलिस ने मारिया आलम और सलमान खुर्शीद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। दोनों नेताओं पर आईपीसी की धारा 188, 295 (ए) और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया। अब उत्तरप्रदेश की सरकार और पुलिस के ऊपर है की वो खुर्शीद साहब और उनकी भतीजी को गिरफ्तार करती है या नहीं ?

खुर्शीद साहब मुझसे उम्र में छह साल बड़े हैं ,वे मुझे अपनी शराफत,नजाकत और बुद्धिमत्ता की वजह से शुरू से प्रिय रहे हैं। उनका मुसलमान होना एक संयोग है । वे मुसलमान भी न होते तो एक मनुष्य के रूप में उतने ही चर्चित होते जितने की आज हैं। खुर्शीद भाई को पूरा देश जानता है। आज के विदेश मंत्री जयशंकर से ज्यादा जानता है। सलमान खुर्शीद एक भारतीय राजनीतिज्ञ,चर्चित वरिष्ठ अधिवक्ता, प्रख्यात लेखक और कानून शिक्षक हैं। वे विदेश मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री थे। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित हैं वह एक वकील और एक लेखक है [1] जो 2009 की आम चुनाव में फरुर्खाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए। इससे पहले खुर्शीद 1991 में फरुर्खाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 10 वीं लोकसभा के लिए चुने गए थे। वह जून 1991 में वाणिज्य के केंद्रीय उप मंत्री बने, और बाद में विदेश मामलों के राज्य मंत्री बन गए। खुर्शीद साहब शुरू में नेता नहीं बल्कि 1981 में प्रधान मंत्री कार्यालय में एक विशेष अधिकारी के रूप में पदस्थ थे तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी उन्हें राजनीति में लेकर आयीं। दरअसल जो लोग खुर्शीद को नहीं जानते उन्हें बता दूँ की सलमान खुर्शीद उस व्यक्ति का नाम है जो अपना घर फूंक क्र तमाशा देखने वाला है। एक लेखक है,एक अभिनेता है और बाद में जन नेता है। सलमान से असहमत लोगों ने सलमान खुर्शीद के नैनीताल स्थित आवास को आग तक लगा दी थी लेकिन न सलमान खुर्शीद बदले और न उनके स्वर । वे 1992 में जैसे थे वैसे ही 2024 में भी हैं। सलमान खुर्शीद और उनकी भतीजी को वोट के जरिये व्यवस्था बदलने के लिए जिहाद शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था,क्योंकि इस देश में आज भी कूढ़ मगज लोग जिहाद के नाम से भड़क जाते हैं ,जैसे जिहाद कोई संक्रामक रोग हो ! सलमान खुर्शीद की मजबूरी ये रही कि वे जिस इलाके में राजनीति करते हैं उस इलाके में उर्दू मातृभाषा के रूप में प्रचलित है। वे यदि परिवर्तन के लिए ' जिहाद ' शब्द का इस्तेमाल न करते तो मुमकिन था कि उनकी बात स्थानीय मतदाता समझ न पाता। इस देश में मुसीबत ये है कि जो होता है उसे वो माना नहीं जाता । जैसे जो हेट स्पीच है उसे हेट स्पीच नहीं कहा जाता और जो हेट स्पीच नहीं है उसे आनन–फानन में ' हेट स्पीच' मान लिया जाता है। घृणा की भाषा के बारे में जब हमारे नेता नहीं जानते तो हमारी पुलिस उसके बारे में कैसे जान सकती है ? पुलिस तो हुक्म की गुलाम है। उसके हाथ बंधे हैं। भारत में पुलिस के हाथ लम्बे जरूर होते हैं किन्तु उन्हें काम नहीं करने दिया जाता। हमारी पुलिस आज भी अंग्रेजों के जमाने कीपुलिस है। पुलिस तब बदलेगी जब देश का संविधान बदलेगा। संविधान तब बदलेगा जब मोदी जी तीसरी बार सत्ता में वापस आएंगे। तब तक हमें ,आपको ,सलमान खुर्शीद को इन्तजार करना होगा। अभी चुनाव के पांच चरण बाकी हैं ,देखिये आगे–आगे होता है क्या ? वैसे मै ईमानदारी से कहूँ कि आज आम चुनाव एक धर्मयुद्ध जैसा ही है। एकदम महाभारत के माफिक। लोकतंत्र में वोट जिहाद के बिना कोई तब्दीली आ ही नहीं सकती। इसलिए यदि आपके पास मताधिकार है तो आप वोट जिहाद यानि वोट से क्रांति कर सकते है ।भाजपा भी यदि तीसरी बार सत्ता में वापस आएगी तो वोट कि जरिये ही ।

## बड़े पैमाने पर सोने का आयात रुपये की गिरावट का कारण

**– नन्तू बनर्जी**

लंबे समय से भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना आयातक रहा है। भारत के अमीर हमेशा अपने धन की सुरक्षा के लिए सोने का सहारा लेते हैं। सोने की ऊंची मांग अमीरों के बीच रुपये की कम मांग से जुड़ी है। अमीर भारतीयों के पास रुपये में भारी अतिरिक्त संपत्ति है। देश की शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास इसकी 40प्रतिशत संपत्ति है।

2014 से 2023 के बीच भारत का सोने का आयात 638 टन से बढ़कर 780.7 टन हो गया था। देश में 24कैरेट प्रति 10 ग्राम के आधार पर गणना की गयी सोने की कीमत इस दौरान क्रमश: 28,000 रुपये से बढ़कर 73,750 रुपये हो गयी। भारतीय रुपये का विनिमय मूल्य मई 2014 में 59.90 रुपये से गिरकर अप्रैल, 2024 में 83.32 रुपये हो गया।

लंबे समय से भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना आयातक रहा है। भारत के अमीर हमेशा अपने धन की सुरक्षा के लिए सोने का सहारा लेते हैं। सोने की ऊंची मांग अमीरों के बीच रुपये की कम मांग से जुड़ी है। अमीर भारतीयों के पास रुपये में भारी अतिरिक्त संपत्ति है। देश की शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास इसकी 40प्रतिशत संपत्ति है। किसी भी अन्य संपत्ति की तरह, मुद्रा का मूल्य उसकी मांग और आपूर्ति से निर्धारित होता है। भारत के अमीरों के पास रुपए की भरमार है। उनके लिए, कागजी मुद्रा की तुलना में सोना कहीं अधिक वांछनीय संपत्ति है।

स्टॉक और रियल एस्टेट में निवेश देश के अमीरों की भारी कमाई को सुरक्षित रखने के अन्य लोकप्रिय तरीकों में से एक है। इससे पता चलता है कि क्यों सोने की मांग हमेशा रुपये की मांग से अधिक रही है। विडंबना यह है कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक है। आईएमएफ वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार, 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी (नाममात्र) मौजूदा कीमतों पर 2,848 अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जिससे भारत 195 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से 143वें स्थान पर है। देश के शीर्ष एक प्रतिशत की आय हिस्सेदारी दुनिया में सबसे अधिक है, केवल पेरू और यमन जैसे कुछ छोटे देशों से पीछे है।

सामान्यत: राष्ट्रीय मुद्रा के मूल्य को प्रभावित करने वाले कारक हैं: मुद्रा की मांग और उसकी आपूर्ति; ब्याज दर; आर्थिक प्रदर्शन; मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति; जीडीपी बढ़त; बेरोजगारी की दर; राष्ट्रीय ऋ ण; और राजनीतिक स्थिरता। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, अमीरों के बीच भारतीय रुपये की मांग कम है, जो रुपये के स्टॉक सहित देश की संपत्ति का सबसे बड़ा नियंत्रक है। भारतीय रुपये की आपूर्ति अमीरों के बीच इसकी मांग से कहीं अधिक है। गरीबों के बीच रुपये की मांग है और आपूर्ति में कोई कमी नहीं है।

ब्याज दरें एक मुद्दा हैं। वे विनिमय दरों के महत्वपूर्ण निर्धारक हैं। जब ब्याज दरें अधिक होती हैं तो मुद्रा का मूल्य बढ़ जाता है क्योंकि निवेशक हमेशा अधिक रिटर्न अर्जित करने के लिए सर्वोत्तम दरों की तलाश में रहते हैं। कई वर्षों से, भारत में ब्याज दरें मुद्रास्फीति दर से भी कम रही हैं। बढ़ती जीडीपी के बावजूद देश का आयात–आधारित आर्थिक प्रदर्शन शायद ही प्रभावशाली है। सोने और हीरे की आयात लागत, ज्यादातर व्यक्तिगत उपयोग के लिए, पेट्रोलियम के बाद दूसरी सबसे अधिक है। भारत जैसे आम तौर पर गरीब देश के लिए यह बिल्कुल हास्यास्पद है। सरकार को सोने के आयात में कटौती करके अमीर और उच्च मध्यम वर्ग को नाराज करने का डर लग रहा है।

# लोकसभा चुनाव में मुद्दों को नया विमर्श दें

**– ललित गर्ग –**





लोकसभा चुनावों के प्रचार अभियान में एक आवाज बहुत धीमी पर एक वजन और पीड़ा के साथ सुनने को मिल रही है कि इस चुनाव को येन-केन-प्रकारेण जीतने के सभी जायज एवं नाजायक प्रयोग हो रहे हैं, लेकिन नैतिकता, मूल्य एवं आदर्श की बात कहीं भी सुनाई नहीं दे रही है। देश का राजनीतिक भविष्य तय करने वाले इन चुनावों में एक और विडम्बना देखने को मिल रही है कि राष्ट्र विकास के मुद्दों एवं आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने की कोई चर्चा नहीं है। देश को दिशा देने एवं कोई नया विमर्श खड़ा करने का नेताओं के पास अभाव है, जो अपने-आप में एक त्रासदी है। मतदाताओं की लोकतंत्र के महाकुंभ में भागीदारी का घटना भी एक चिन्ता का सबब है। जबकि किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है।

विभिन्न राजनीतिक दल आरक्षण का मुद्दा खड़ा करके जहां अल्पसंख्यकों को अपनी ओर खींचने की कोशिश करते हुए भाजपा को आरक्षण विरोधी बता रहे हैं और गृहमंत्री अमित शाह के आरक्षण विषयक बयान को तोड़-मेरोड कर झूठे एवं फेक वीडियो के माध्यम से भाजपा के चरित्र को धुंधला रहे हैं, वहीं आम महिलाओं के डर का सहारा लेते हुए उनके मंगल सूत्र और स्त्री धन को छीन लिए जाने की बात कही जा रही है। सैम पित्रोदा के विरासत कर संबंधी बयान से आम जनता के धन को हथियाने की बातें भी हो रही है। लेकिन प्रश्न है कि क्या कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने की संभावना है? सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाती है। चुनाव अभियान तीसरे चरण की ओर अग्रसर हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने ह्यघोषणा-पत्रह्न को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है।

एक-दूसरे की नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना चुनाव का हिस्सा बनी हुई है और बनना भी चाहिए। लेकिन एक-दूसरे पर भीषण एवं भद्दे आरोप लगाना, लोकतंत्र की मयार्दा का उल्लंघन है। परंतु मौजूदा चुनाव प्रचार में राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता के ताने-बाने को क्षति पहुंचाने की चेष्टा का होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सभी दल भाषणों में नैतिकता की बातें करते हैं और व्यवहार में अनैतिकता को छिपा रहे हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों की ही बात करें तो पिछले सप्ताह तक ही आचार संहिता उल्लंघन की 200 से अधिक शिकायतें आ चुकी है। जिनमें से 169 शिकायतों पर आयोग ने कार्रवाई की है। शिकायतों के आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं। वास्तव में इन चुनावों में नेताओं ने भाषा एवं भावों को इतना बदरंग, अशालीन एवं भोंथरा कर दिया है कि शर्म-सी महसूस होती है।

दागी उम्मीदवारों के दागों का पदार्पाश होना भी इन चुनावों का हिस्सा है। कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े वीडियो क्लिप प्रसारित होने से देखा गया है कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की घटना हुई है। रेवन्ना के खिलाफ शिकायत कुछ महिलाओं के शोषण तक ही सीमित नहीं है, अब अनेकों शिकायतें सामने आएगी और हर शिकायत को ईमानदारी से परखना होगा। सबसे ज्यादा गंभीर बात तो यह है कि आरोपी जर्मनी भाग गया? अगर रेवन्ना दोषी हैं तो उन्हें कानून का सामना करना चाहिए। अगर वह कानून से भागेंगे तो इससे उनकी पार्टी और एनडीए दोनों को ही नुकसान होगा। रेवन्ना देश के पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पौत्र है और उन पर लगे आरोप बहुत ही गंभीर और शर्मनाक है। सत्ता का किसी भी प्रकार का दुरुपयोग ज्यादा समय तक लाभकारी नहीं होता है। हमारा समाज ऐसे मुकाम पर आ गया है, जहां हम किसी महिला के साथ न ज्यादती की सुन सकते हैं और न किसी को करने दे सकते हैं। बात प्रज्वल रेवन्ना एवं बृजभूषण शरण सिंह तक सीमित नहीं हैं, विशेषतः चुनाव में ऐसे मुद्दों का उठना प्रासंगिक है, जिससे उम्मीदवारों को अपने गिरेबार में झांकने का अवसर मिलता है। राजनीतिक दलों को भी उम्मीदवारों का चयन करते हुए उनके चरित्र की परख गहराई से करनी ही चाहिए।

वर्ष 2024 के चुनावों में हम सात में से तीसरे चरण की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी तक भाजपा की चुनावी थीम सामने नहीं आई है, विपक्षी दलों के घोषणा पत्रों या चुनावी बयानों की चीरफाड ही होती हुई दिख रही है। आतंकवादियों और दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारने की बात करने वाली भाजपा के बयानों में चीन पूरी तरह गायब है और पाकिस्तान का जिक्र भी बहुत कम है। निश्चित ही भाजपा जीत की ओर अग्रसर है, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन सुनिश्चित जीत के साथ सुनिश्चित भविष्य की बात भी होनी ही चाहिए। हकीकत में चुनाव में अनेक उतार-चढ़ाव के बावजूद मोदी का जादू चल रहा है, ऐसी अनेक वजहों से 2024 असाधारण रूप से बिना सशक्त मुद्दे के ही गतिमान है। आश्चर्य की बात यह है कि हमारी राष्ट्रीय राजनीति के मौजूदा दौर के सबसे बड़े जादूगर नरेंद्र मोदी ने अब तक इन चुनावों के लिए कोई सशक्त मुद्दा नहीं पेश किया है जो पहले से सातवें चरण तक चल सके। हर चुनावी चरण एवं सभा में एक नया मुद्दा उभर रहा है, जो कुछ दूर चल कर पृष्ठभूमि में चला जाता है।

भाजपा की ओर से इन चुनावों में मोदी ही मुद्दा है। चुनाव अभियान का आरंभ करते हुए कहा गया कि नरेंद्र मोदी ही भारत को अधिक ऊंचा वैश्विक कद दिला रहे हैं। भारत मंडपम में जी 20 शिखर बैठक को भुनाने की कोशिश हुई। लेकिन यह भी मुद्दा चुनावी गणित में फिट नहीं हुआ। महिला मतदाताओं को लुभाने का दांव भी चला। निर्वाचन वाली संस्थाओं में महिलाओं के आरक्षण के लिए आनन-फानन में पारित कानून इसका हिस्सा था। लेकिन भाजपा के चुनाव प्रचार में इसका जिक्र भी नहीं सुनने को मिल रहा है। इन चुनावों में भी पार्टी के उम्मीदवारों में महिलाओं की हिस्सेदारी 16 फीसदी है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को भी चुनावों के लिहाज से गर्म मुद्दा माना गया था। इसके बावजूद विभिन्न राज्यों में भाजपा के नेताओं के चुनाव भाषणों पर नजर डालें तो पता चलता है कि उनमें इस पर जोर या इसका जिक्र नहीं है। यह मुद्दा हाल में तब उठा जब ऐसे संकेत मिले कि राहुल और प्रियंका गांधी राम मंदिर जा सकते हैं। कुछ सप्ताह पहले भारत रत्न की घोषणा का मुद्दा भी दूर तक नहीं चल सका। ऐसी अनेक उपलब्धियां एवं ऐतिहासिक कार्य हैं, जो मोदी के कद को ऊंचा तो बनाते हैं, लेकिन चुनाव की दिशा को एकदम एवं दूर तक प्रभावित नहीं कर पा रहे हैं।

बात राज्यों की हो या केन्द्र की, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग पर चुनावों में चर्चा होनी ही चाहिए। भारत के मतदाता मिलकर सरकारों को जवाबदेह ठहराने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। लेकिन मौजूदा लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान 2019 की तुलना में 7 प्रतिशत कम हुआ है। यह एक चिंताजनक संकेत है और चुनावी प्रक्रिया से मतदाताओं के अलगाव को दशार्ता है। यह भाजपा के मतदाताओं में चली आई आत्मसंतुष्टि की ओर भी संकेत करता है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर आश्वस्त हैं। हालांकि, इसका एक और पहलू यह भी है कि 2023 में, प्यू रिसर्च सेंटर ने भारतीय मतदाताओं का एक सर्वेक्षण किया था, जिसमें पता चला था कि 85 प्रतिशत लोगों ने भारत में सैन्य शासन या निरंकुश नेता का समर्थन किया था। क्या शासन के अच्छे तरीके के रूप में लोकतंत्र के समर्थन में गिरावट का ही परिणाम कम होता मतदान है? अगर मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना विश्वास खो रहे हैं तो यह भारत के लोकतंत्र और भविष्य के लिए चिंताजनक संकेत है। इससे निर्वाचित नेता भी जनता के प्रति जवाबदेही से मुक्त होने लगेंगे। भारत के मतदाताओं को समझना चाहिए कि पिछले सतहत्तर वर्षों में देश की सफलता उसके लोकतंत्र की सफलता पर ही आधारित रही है। इसलिये मतदाता को जागरूक होकर अधिकतम मतदान करना चाहिए। साथ-ही-साथ मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि ह्यअगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे ह्न

प्रेषकः

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोन: 22727486, 9811051133**

# भारत एवं कनाडा के रिश्ते खतरनाक मोड़ पर

**– ललित गर्ग –**




कनाडा में रविवार को वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालसा दिवस समारोह के दौरान खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने के बाद भारत सरकार जो सख्ती दिखाई है, वह आवश्यक एवं समयोचित कदम है। इस घटना पर भारत का चिंतित होना एवं कनाडा को चेताया जाना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय में कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर इस मामले में गहरी आपत्ति जताई गई है। कनाडा सरकार ने अपने राजनीतिक हितों के लिये अनेक बार भारत विरोधी घटनाओं में संदेहास्पद एवं विवादास्पद भूमिका का निर्वाह करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की मयार्दाओं को धुंधलाया है। कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक अलगाववाद, कट्टरपंथ और हिंसा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस तरह की घटनाओं से कनाडा में अपराध का माहौल बना हुआ है। इससे कनाडा के नागरिकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। जिससे भारत में भी स्थितियां संकटपूर्ण बनी है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाकर दोनों देशों के बीच विवाद खड़ा कर दिया था। भारत ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद से कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आ गई और दोनों देशों के रिश्ते सुधरने की बजाय खतरनाक मोड़ पर पहुंच गये हैं। रविवार के खालसा दिवस समारोह में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारत-विरोध के त्रासद एवं राष्ट्र-विरोध के भ्रामक, झूठे एवं बेबुनियाद आरोप थे। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने तो इन सब भारत-विरोधी घटनाओं को रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश की। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार आपत्तिजनक बना, दो देशों के बीच खटास घोलने वाला एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का रहा। जिसे दोनों देशों के राजनयिक पैमाने पर उचित नहीं कहा जा सकता। इस तरह कनाडा अपने देश की राजनीतिक जरूरतों के चलते भारत के साथ अपने रिश्ते इस मोड़ पर ले आया हैं, जहां उनके बीच विश्वास, भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है।

भले ही लगभग आठ लाख कनाडाई सिखों की वहां की राजनीति में सक्रिय भागीदार हैं। सिख समुदाय की जरूरतों एवं उनके शांतिपूर्ण जीवन के लिये कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता में कोई आपत्ति नहीं हैं। सिख समुदाय के मौलिक अधिकारों व स्वतंत्रता की रक्षा करने के वायदे यदि वहां की सरकार करती है तो अच्छी बात है। भले ही कनाडा सरकार सिखों के सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ भारत एवं कनाडा के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर भारत के साथ नए समझौते करें, लेकिन इन स्थितियों के बीच खालिस्तानी अलगाववाद को प्रोत्साहन देना भारत के लिये असहनीय है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। भारत जिस तरह से लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद को झेला है, कनाडा में इन तत्वों को प्रोत्साहन देकर कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केन्द्र बन सकता है, जो उसके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है। निश्चित ही कनाडा में खालिस्तानी आतंकी फल-फूल रहे हैं। खालिस्तानी न केवल भारतीय राजनयिकों को धमका रहे हैं बल्कि हिंदू मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। कनाडा की धरती पर हर किस्म के खालिस्तानी चरमपंथी ही नहीं पल रहे हैं बल्कि वहां भारत से भागे गैंगस्टर और नशे के तस्कर भी शरण पा रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद में भारत ने कनाडा को जो खरी-खोटी सुनाई, वह इसलिए आवश्यक थी, क्योंकि वहां की ट्रूडो सरकार अपने भारत विरोधी रवैये से बाज नहीं आ रही है। वह जिस तरह खालिस्तानी अतिवादियों को संरक्षण दे रही है, उसकी मिसाल यदि कहीं और मिलती है तो वह पाकिस्तान में। कनाडा अपने भारत विरोधी रवैये के कारण पाकिस्तान सरीखा बनता जा रहा है। कनाडा अपने हितैषी एवं पडोसी देशों से दूरियां बना रहा है। खालिस्तान समर्थन एवं प्रोत्साहन के चलते कनाडा में फिलहाल कुछ भी ठीक नहीं चल रहा। अपने देश के साथ दुनियाभर में वह आलोचकों के निशाने पर हैं। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों पर नियंत्रण रखने में कथित नाकामी के चलते ट्रुडो को अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते जी-20 बैठक में उन्हें भारत और सदस्य देशों का ह्यठंडाह्न रिस्पांस मिला। भारत में खास अहमियत नहीं मिलने से खिसियाए ट्रुडो को कनाडा के मीडिया ने भी आड़े हाथ लिया है।

ट्रुडो सरकार पर भारत के साथ रिश्तों को नुकसान पहुंचाने और व्यापार वार्ता के बारे में अंधेरे में रखने के आरोप भी लगे हैं। घरेलू राजनीतिक हितों के लिए ट्रुडो भारत के साथ लड़ाई मोल लेकर अपने देश का भारी आर्थिक नुकसान कर रहे हैं। यह सर्वविदित है कि भारत अब दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। कनाडाई में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात और व्यापार में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव का असर यहां की इकोनॉमी पर पड़ रहा है। भारत की नाराजगी बेवजह नहीं है, क्योंकि कनाडा भारत के विरोध में लगातार सक्रिय हैं, कनाडा ने ही किसानों के आंदोलन के समर्थन में अतिश्योक्तिपूर्ण सहयोग होने दिया। जबकि दोनों देशों के संबंधों में प्रगति के लिए एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव और आपसी भरोसा रहना जरूरी है। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठे थे। लेकिन अमेरिका ने इस मसले पर सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय भारत सरकार से सीधी बातचीत की। भारत ने भी अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के खटास का माध्यम नहीं बनने दिया। जांच के निष्कर्षों को दोनों देशों ने स्वीकार किया एवं बेवजह का विवाद खड़ा नहीं होने दिया। कनाडा को भी अमेरिका से कुछ सीखना चाहिए एवं निज्जर हत्याकांड में भारत की अगर कोई भूमिका है तो उसके सबूत भारत सरकार को देने चाहिए। कोरे आरोप लगाकर आपसी संबंधों को बिगाड़ने से परहेज करना चाहिए। अपनी भूमि का उपयोग भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों के लिये कत्तई नहीं करने देना चाहिए। बात कनाड़ा के साथ-साथ अन्य देशों पर भी लागू होती है जो अपने राजनीतिक हितों के लिये खालिस्तान समर्थक या अन्य भारत विरोधी आन्दोलनों को जगह देते हैं, लेकिन इन देशों ने भी समझा है और समझना ही होगा कि किसी देश के अन्दरूनी मामलों में दखलअंदाजी करना उनके लिये ही हानिकारक होने वाला है।

## चार सौ पार की फांस

**– अरविन्द मोहन**

सोशल मीडिया के परदों के भीतर चलाने वाले खेल को समझने और जानने वालों का दावा है। असल में अभी मोदी समर्थकों के इस विशाल समूह में खुद ही दो फाड़ होने का खतरा है–'ट्रेड्स' और 'रायताज' जैसे नाम वाले खेमों। ट्रेड्स मतलब अत्यधिक परंपरावादी–कट्टरपंथी और 'रायताज' का मतलब जरा मिलावट की वकालत करने वाले। अगर इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चार सौ पार के नारे को चुनाव का मुख्य स्वर बनाने के बाद भी पहले दो चरण के मतदान में गिरावट और उत्साहहीनता के विश्लेषण के क्रम में बहुत सारे लोगों को 2004 चुनाव के पहले के 'इंडिया शाइनिंग' का नारा याद आता है तो यह कोई हैरानी की बात नहीं है। तब भी कई राज्यों की विधान सभा चुनावों में भाजपा जीती थी, जीडीपी के आंकड़े बड़े चमकीले बताए जा रहे थे और यह लग रहा था कि भाजपा–एनडीए को अगर कुछ सीट काम पड़े तो मुलायम सिंह और शरद पंवार जैसे लोग समर्थन के लिए तैयार हों ही जाएंगे–ज्यादा से ज्यादा सौदेबाजी में कुछ अधिक दाम चुकाना हो। हम जानते हैं कि उस चुनाव में बहुत ही कमजोर कांग्रेस और ठीक से हिन्दी भी न बोल पाने वाली सोनिया गांधी ने इंडिया शाइनिंग की हवा निकाल दी थी। कांग्रेस भाजपा से आगे भी निकल गई थी। पर इस तुलना को ज्यादा आगे बढ़ाने का कोई मतलब नहीं है। तब के प्रमोद महाजन, जेटली, आडवाणी जी, जोशी जी जैसे भी कुशल मैनेजर थे लेकिन मोदी–शाह की जोड़ी न थी। इस जोड़ी द्वारा तय सीटों का लक्ष्य कई बार चुनावी अर्थात हार या जीत, पूरा होने या न होने वाला भी साबित हुआ है लेकिन इस बार विपक्ष को जिस स्थिति में ला दिया गया है, राहुल गांधी और सारे विपक्षी नेताओं की छवि को जिस तरह ध्वस्त किया गया है और भाजपा हर मामले में लीड की स्थिति से शुरुआत कर रही थी, उससे यह तुलना ज्यादा मतलब की नहीं है।

और तुर्रा यह है कि मोदी जी ही एजेंडा सेट करते हैं, अपनी ही पार्टी नहीं बाकी पार्टियों को चलाते दिखते हैं और लगभग अधिकांश विपक्षी नेताओं को उन्होंने किसी न किसी तरह से घेर लिया है। दर्जन भर मुख्यमंत्रियों/पूर्व मुख्यमंत्रियों से दलबदल कराने के बाद लगभग सारी पार्टियों में टूट–फूट कराई जा चुकी है। कई राज्यों में भाजपा के अंदर मुख्य नाराजगी इसी बात की हो गई है कि सारे महत्वपूर्ण स्थानों से दलबदलुओं को टिकट दिए गए हैं और सामान्य स्थिति में चुनाव जितवा देने वाले अनेक मुद्दे भाजपा की झोली में हैं। मोदी की गारंटी ही सबसे प्रबल स्वर दिखने लगा था। दूसरी तरफ विपक्ष है अब तक न एक संगठन, न एक मोर्चा, न एक साझा न्यूनतम कार्यक्रम, न एक नेता की तरफ बढ़ने का होश ही नहीं है। क्योंकि हर दल और प्रदेश में टूट–फूट का क्रम अभी भी जारी है और इसमें नेताओं के नाराज होने और पार्टी से अलग कराने के लिए भाजपा के उकसावे या प्रलोभन की भी जरूरत नहीं है। विपक्षी एकता का इंडेक्स आगे बढ़ रहा है या पीछे जा रहा है, इसकी सुध लेने की भी फुरसत नहीं है। लेकिन दो कार्यकाल पूरा होने और अच्छे दिन लाने या बालाकोट जैसी घटना जैसा केन्द्रीय मुद्दा न होने से सारी तैयारी बेअसर होती लगती है। मोदी की गारंटी पर जिसको भरोसा है उसको है और जिसको नहीं है उसको होता नहीं दिखता। मतदाताओं में तो उत्साह नहीं ही है, कार्यकताओं में उससे भी ज्यादा उत्साहहीनता है। मतदान की कमी के पीछे ये कारण हो सकते हैं। दूसरी तरफ विपक्ष के पास संगठन और कार्यकताओं की पर्याप्त फौज भी नहीं है तो आप उस तरफ की हवा होने का दावा भी नहीं कर सकते। चुनाव प्रो–मोदी, एंटी मोदी ही है। प्रो राहुल, प्रो अखिलेश, प्रो तेजस्वी तो नहीं ही है। और जिन मुसलमानों के मोदी–विरोधी और हर स्थिति में पहले भाजपा को सारा सकने वाले उम्मीदवार को तलाशने की उत्सुकता तो है लेकिन उनमें भी पहले की तरह उत्साह से चुनाव में वोट डालने की रिपोर्ट नहीं है। भाजपा का हो या उसके सभी सहयोगी दलों का लगभग हर उम्मीदवार मोदी के नाम के सहारे है। सिर्फ उनकी सभाओं और रोड शो की मांग हो रही है। अकेले मोदी जितना कर सकते हैं उतना कर रहे हैं पर हर मीटिंग की हर कुर्सी भरवाना उनका काम नहीं हों सकता। ऐसे आयोजनों से लेकर मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाना कार्यकताओं का काम है। और यह कहना पर्याप्त नहीं है कि चार सौ पार के नारे से झलकते अति आत्मविश्वास के चलते वे सुस्त पड़ गए हैं कि हमारे न सक्रिय होने पर भी पार्टी जीत ही जाएगी। उनमें पुराने या बार–बार रिपीट होने वाले उम्मीदवारों को लेकर एक नाराजगी है तो नए (और दूसरे दलों से लाकर मैदान में उतारे) उम्मीदवारों से ज्यादा नाराजगी है। मतदाता भी एक सीमा से ज्यादा सरकार गिराने, नेता तोड़ने, विपक्ष की घेरेबंदी को लेकर हैरान है तो कार्यकर्ता भी। लेकिन संघ के लोग और मोदी भक्तों का यह स्वभाव नहीं है। वे हर हाल में जुटते हैं और बिहार विधान सभा या इससे पहले के मध्य प्रदेश चुनाव(2018 वाला) में भाजपा के कार्यकताओं और मैनेजरों ने हारती बाजी पलटी थी। ऐसा कई बार हो चुका है और इस बार भी पहले दौर की तुलना में दूसरे दौर में मतदान का बढ़ाना यह बताता है कि संघ परिवार और मोदी भक्त जोर लगा रहे हैं– संभव है कुछ जोर विपक्ष के मरियल संगठन में पहले दौर की उत्साहवर्द्धक रिपोर्ट से भी आई हो।

# भाजपा प्रत्याशी की संपत्ति पांच साल में हुई दोगुना

**रिवाल्वर-राइफल है, बलवा में हुई थी एक साल की सजा**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल व उनकी पत्नी शांति की संपत्ति पांच वर्षों में दोगुना हो गई है। नामांकन पत्र में शपथ पत्र से दाखिल ब्यौरे में आरके सिंह पटेल आठ करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति के मालिक हैं। उनकी पत्नी शांति देवी करोड़पति है। पिछले चुनाव में आरके सिंह पटेल साढ़े चार करोड़ के मालिक थे। उनकी पत्नी के पास 76 लाख की संपत्ति थी। वर्तमान में आरके सिंह पटेल 20 लाख के कर्जदार हैं, वह स्नातक के साथ कृषि व्यवसायी हैं। नामांकन में दिये सम्पत्ति के ब्यौरे में भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने बताया कि उनके पास 2014 मॉडल की चार लाख कीमत की फार्च्यूनर है। 2021 में बैंक से 20 लाख कर्ज लेकर 24 लाख की फार्च्यूनर खरीदी थी। पत्नी शांति के पास कोई वाहन नहीं है। आरके सिंह पटेल के पास 2.59 लाख के जेवर हैं।

पत्नी के पास सोने के पौने दो लाख व चांदी के सवा चार लाख के जेवर हैं। उनके पास 270 बोर



भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल।

की राइफल है। कीमत एक लाख रुपए है। 32 बोर का रिवाल्वर भी है। कीमत एक लाख रुपये है। बैंक में तकरीबन 30 लाख की नकदी है। पत्नी के पास तकरीबन ढाई लाख हैं। चित्रकूट में कुबेरगंज व बलदाऊगंज में मकान है। कीमत तकरीबन एक करोड़ व बलदाऊगंज में दो करोड़ 23 लाख का मकान भी है। उनके पास सात करोड 31 लाख की अचल संपत्ति है, जबकि पत्नी शांति देवी 77 लाख 40 हजार की अचल संपत्ति की स्वामी हैं। 2019 में उनके पास 4.43 करोड़ की संपत्ति थी। बलदाऊगंज में 50 लाख कीमत का मकान है। पिछले चुनाव 2019 में आरके सिंह पटेल के पास 37.34 लाख के जेवर, वाहन व नकदी आदि थे। पत्नी के पास 12 लाख 84 हजार रुपये के जेवर व नगदी थी। 2019 के चुनाव में आरके सिंह पटेल के शपथ पत्र में चार करोड़ 43 लाख की अचल संपत्ति थी। पत्नी के पास 64 लाख 15 हजार रुपये की अचल संपत्ति थी। आरके पटेल के पास पंजाब नेशनल बैंक से कार के लिए 20 लाख का लोन है।

भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को 2022 में बलवा व अन्य मामलों में एक वर्ष की सजा व पांच हजार रुपये का जुर्माना हो चुका है। दस्यु ददुआ के भाई वीर सिंह पटेल समेत 150 लोग दोषी पाये गये थे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां बलबा व 7 लॉ क्रिमिनल एमेंडमेंट एक्ट के तहत मामला विचाराधीन है।

# डीएम के प्रयास से होगा ज्यादा मतदान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर विभिन्न ब्लॉक, तहसील, सरकारी स्कूलों व ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारियों ने कैम्प लगाकर मतदाता जागरूकता अभियान में लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

बुधवार को लोकतंत्र की मजबूती को जिला निर्वाचन अधिकारी प्रयासरत हैं। ज्यादा लोग मतदान करें। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की यही मंशा है। विधानसभा चुनाव में कम मतदान से जिला प्रशासन गांव स्तर तक प्रधानों व अधिकारियों को निर्देश हैं कि अपने क्षेत्रों में



बैठक में निर्देश देती सीडीओ।

मतदाता जागरूकता रैली से लोगों को जागरूक करें।

ब्लॉक मऊ व रामनगर से सभी बीएलओ मतदाता पर्ची बांट रहे हैं। मऊ तहसील सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी बीएलओ से चर्चा हुई। इस मौके पर एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, बीडीओ रामजी मिश्रा, तहसीलदार मऊ, एबीएसए मऊ, रामनगर सीडीपीओ मऊ मौजूद रहे।

# अपनी निन्दा सह लिया तो जीत लिया जगः आचार्य नवलेश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन पर भागवत पीठ संस्थापक आचार्य नवलेश महाराज ने बताया कि गुरु भक्ति योग में शारीरिक, मानसिक, नैतिक व आध्यात्मिक अनुशासन का समावेश है। गुरु लीला की महिमा जो कान नहीं सुन सकते, वह कान सचमुच बहरे हैं।

बुधवार को आचार्य ने बताया कि जो मनुष्य अपनी निंदा सह लेता है, उसने सारे जगत को जीत लिया। ऐसा समझो दूसरों



कथा व्यास नवलेश दीक्षित।

के अवगुण सुनकर खुश न हों, स्वयं सदा अवगुणों से बचते रहो। जीवन को ज्ञान के प्रकाश से अलौकिक कीजिए। परमात्मा का प्रसाद चाहते हो तो स्वयं गुलाब के फूलों की तरह रहो। दीपक की तरह जलो और अगरबत्ती बनकर सुगंध बांटो।

ये संसार है, यहां बुरा करेगा तो बुरा होगा। भला करेगा तो भला होगा। भिक्षा से अन्न, धन प्राप्त कर दृष्टिबाधित सूरी माता को भागवत कथा सुनाते हुए आचार्य नवलेश महाराज ने कहा कि जीवन में भागवत एक बार सबको सुनना चाहिए। सभी ग्रामवासियों ने भागवत का आनंद लिया। प्रसाद आरती के साथ कथा का समापन हुआ।

## दो के कब्जे से 67 लीटर महुआ शराब बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 67 लीटर महुआ शराब बरामद की है। बुधवार को बहिलपुरवा थाने के दरोगा मुकेश सिंह परिहार, दरोगा यूटी पवन चैधरी, सिपाही दीपेश यादव ने भूपत सिंह पुत्र अवध बिहारी सिंह डेरा अड़हाई मजरा कोटा कंदैला के कब्जे से 52 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा अनिल कुमार मिश्रा ने महिला सिपाही नीतू द्विवेदी के साथ रोहित कुमार पुत्र स्व गोरेलाल पुरानी बाजार लक्ष्मणपुरी के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है।

# गठबंधन प्रत्याशी को मिल रहा भारी समर्थनः शिवशंकर

**वे ही लडेंगे चुनाव, भाजपा फैला रही अफवाह**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी पीडीए गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल ने कहा कि जो दल उनसे घबरा रहे हैं, वे आये दिन अफवाह उडा रहे हैं कि उनका टिकट कट गया। ये सब कोरी बकवास है। वे ही इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हैं। जोरदारी से चुनाव लडेंगे। उनके समुदाय के 85 फीसदी लोग साथ हैं।

ये बात गठबंधन प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल ने केन्द्रीय कार्यालय राधाकृष्ण उत्सव भवन में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि



पत्रकारों से बात करते गठबंधन प्रत्याशी।

दो मई को उनका जोरदार ढंग से नामांकन है। दो प्रतियों में नामांकन दाखिल करेंगे। लोगों का भारी जनसमर्थन उन्हें मिल रहा है। आरोप लगाया कि भाजपा प्रत्याशी दो बार सांसद रहे, जनता के बीच नहीं गये। भाजपा के पास चुनाव लडने के कोई मुद्दे नहीं है। सपा गठबंधन के पास मुद्दों की भरमार है। भाजपा सरकार लोकतंत्र व संविधान पर कुठाराघात कर रही है। जिले में कहीं न नहर बनी और न सडकें। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र सभी इस सरकार से परेशान हैं। कोई खुशहाल नहीं है। भाजपा सरकार जुमलों की सरकार रही है। न लोगों के खाते में 15 लाख रुपये आये और न दो करोड लोगों को नौकरी मिली और न किसानों की आय दोगुनी हुई।

उन्होंने बताया कि सावधानी के लिहाज से अपनी पत्नी कृष्णा पटेल का भी नामांकन कराया है। ये चुनाव आम जनता सीधे सरकार से लड रही है। पीडीए गठबंधन को हर लोकतंत्र पसन्द लोग समर्थन में खडे हैं। पत्रकार वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, आप जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल, सपा जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, सीताराम कश्यप, मनफूल सिंह व द्वारिका पटेल आदि मौजूद रहे।

# शारदा बने ब्रांड एम्बेसडर

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक के जारी पत्र पर नगर पंचायत मऊ के अधिशाषी अधिकारी ने समाजसेवी शारदा अग्रहरि आदर्श नगर मऊ को ओकल फार लोकल के तह ब्रांड एम्बेसडर चयनित किया है। उन्हें नगर पंचायत मऊ में किये जा रहे समाजसेवा व स्वच्छता के कार्यों के प्रति लोगों को जागरुक करने में दिये योगदान के मद्देनजर नगर पंचायत मऊ का अवैतनिक ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। उनसे केन्द्र/प्रदेश सरकार



ब्रांड एम्बेसडर को पत्र सौंपते ईओ।

ने अनुरोध किया है कि निर्देशों का अनुपालन कर समय-समय पर होने वाले जन जागरूकता कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करते रहें।

# तीसरे चरण चुनाव ड्यूटी में पुलिस बल को किया रवाना

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने को जिले से तीसरे चरण के चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बल को पुलिस लाइन स्थित कान्हा सभागार में निर्देश दिये। चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बल को यात्रा व मतदान दौरान बरती जाने वाली सावधानियों बाबत हिदायत दी। निर्देश दिये कि सतर्क व संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें, ये महत्वपूर्ण ड्यूटी है।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने



हरीझंडी दिखाते एसपी।

चुनाव ड्यूटी में गये पुलिस कर्मियों की बस को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं से विनम्र बर्ताव करें। किसी भी व्यक्ति के मतदान दौरान अव्यवस्था करने पर या मतदान को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष प्रभावित करने की दशा में उस व्यक्ति/अराजकतत्व को रोकें। तत्काल सूचना उच्चाधिकारियों को दें। ब्रीफिंग बाद पुलिस अधीक्षक ने बसों को हरीझंडी दिखाकर पुलिस बल को रवाना किया। इस मौके पर चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बल को लंच बॉक्स, रास्ते का नास्ता, फर्स्ट एड किट दी। सभी से कहा कि कोई बस से रास्ते में नहीं उतरेगा। सभी कर्मचारी गंतव्य तक जायेंगे। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।

## तमंचा कारखाना चलाने वालों की जमानत खारिज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** असलहा बनाने का कारखाना चलाने के मामले में दो लोगों की जमानत सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने खारिज कर दी है। बुधवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि 25 मार्च को सरधुवा थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर सरधुवा गांव के कलवलिया मजरा के उमादत्त विश्वकर्मा के यहां दबिश दी थी। उमादत्त ने घर के बाहर पुलिस को देख दरवाजा बंद करने का प्रयास किया। पुलिस टीम घर के अन्दर घुस गई तो उमादत्त के कब्जे से तमंचे- कारतूस बरामद हुए। घर के अन्दर मौजूद पहाडी थाने के लोहदा के दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा के कब्जे से भी तमंचा-कारतूस बरामद हुआ। घर के अन्दर बड़े पैमाने पर अवैध ढंग से बनाये तमंचे, अधबने तमंचे, कारतूस, शस्त्र बनाने के औजार बरामद हुए थे। उमादत्त ने बताया था कि दुर्गा प्रसाद साढू का लड़का है। दोनों मिलकर तमंचे बनाने के बाद बेंचते हैं। पुलिस ने तमंचे व कारतूस बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया था। अब तक दोनों आरोपी जेल मे हैं।

# रामराज की परिकल्पना को प्रधानमंत्री कर रहे कामः एके शर्मा

**बूथ अध्यक्षों के बूते तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे मोदीः प्रत्याशी**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा ने 236 चित्रकूट विधानसभा के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि/सूबे के नगर विकास/उर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि ये भगवान राम की तपोभूमि है। यहां के कण-कण में राम बसते हैं। इस पावन भूमि के दर्शन पाकर खुद को धन्य बताते हुए कहा कि भाजपा राम के आदर्शों पर चलने वाली पार्टी है। सम्पूर्ण देश में रामराज की परिकल्पना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं। भाजपा व अन्य दलों में अंतर बताते हुये कहा कि भाजपा के किसी भी नेता का कोई सगा-संबंधी, मंत्री-विधायक या संगठन का दायित्व नहीं है। अन्य दल परिवार आधारित हैं। प्रधानमंत्री की अगुवाई में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। देश का दुनिया में मान बढा है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय संकल्प के साथ अपना-अपना बूथ जीतने को प्रयास करे। ये चुनाव भारत को विश्व गुरू बनाने का चुनाव है। हर कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर आरके पटेल बनकर चुनाव लडें। हर बूथ में सबको 370 वोट बढाने हैं। हर बूथ में घर-घर जाकर जन-जन से सम्पर्क करना है।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि बूथ अध्यक्ष भाजपा की रीढ है। असली लडाई बूथ में बूथ अध्यक्ष ही लडता है। अपना-अपना बूथ जीतना है, तभी जीत होगी। जिलाध्यक्ष ने मंत्री को भरोसा दिया कि सभी



सूबे के मंत्री का सम्मेलन में स्वागत करते भाजपाई।

कार्यकर्ताओं के दम पर लाखों वोट से जीत होगी। सांसद/लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्षों के दम पर ही मोदी तिबारा प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। सबको लगकर 20 मई को पहले मतदान करना है, फिर जलपान करना है। सभी वोटो को डलवाने का काम करना है। भाजपा के वे भी कार्यकर्ता हैं। ये चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। सबके साथ वे भी मोदी के हांथो को मजबूत करने को प्रयास कर रहे हैं। सबके प्रयास से जब मतदान होता है तो भारत माता के माथे से कलंक का टीका धारा 370 हटती है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे बनता है। वन्दे भारत ट्रेन चलती है। पहाड़ी में डिफेंस कॉरिडोर बनने लगता है। राम-वन-गमन पथ बनता है। श्रीराम की जन्मभूमि में भव्य दिव्य मंदिर बनता है। विधानसभा प्रभारी आशुतोष तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता टोली बनाकर जनसंवाद करें। सभी अपने को प्रत्याशी मानकर प्रचार अभियान तेजी से करें। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि भाजपा की कथनी व करनी में भेद नहीं है। भाजपा ने जो भी वायदा किया, वह पूरा किया। पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि 1951 से लेकर नीतियों व सिद्धान्तों में कोई बदलाव नहीं हुआ। जिन सिद्धान्तों को लेकर पार्टी चली थी, उन्ही पर कायम रहकर काम कर रही है।

सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनन्द त्रिपाठी, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, अमित द्विवेदी, लोकसभा सह संयोजक शिवशंकर सिंह, ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, गंगाधर मिश्रा, सुशीला वर्मा, सुशील द्विवेदी, विधानसभा संयोजक/जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, उम्मीदवार प्रमुख शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी समेत दिनेश तिवारी, राजीव त्रिपाठी, आभेष मिश्रा, बृजेश पांडे, अश्विन अवस्थी, विपुल प्रताप सिंह, जय प्रकाश पांडे, सुरेश अनुरागी, दिनेश पटेल, हीरो मिश्रा, आशीष कोल, कैलाश मिश्रा, विनीता द्विवेदी, धीरेन्द्र सेंगर, रामरतन प्रजापति, सुनीता श्रीवास, पन्नालाल कोरी, अनीता सिंह, विनोद पांडे, अखिलेश रैकवार, शिवाकांत पाण्डेय, गौरव करवरिया, राम प्रताप सिंह, रवि गुप्ता, श्रवण पटेल, विनीता द्विवेदी, लवलेश निषाद, दिव्या त्रिपाठी, अंजू वर्मा, रामसागर चतुर्वेदी, संजय पांडे, अर्पित जायसवाल, रमाकान्त पांडे, राखी चैबे, माया प्रजापति समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिंचाई विभाग ने नाव लगाकर शुरू कराई नदी सफाई

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नगर में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत पर सिंचाई विभाग ने दो नावें लगाकर इंटेकवेल के आसपास सफाई कराई। अगले दो दिन तक सफाई अभियान जारी रहेगा। बुंदेली सेना सफाई अभियान में सहयोग कर रही है।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मंदाकिनी नदी में साल-दर साल जल स्तर गिर रहा है। ऊपर से नदी में पानी कम आ रहा है। नदी में बहाव नहीं है, बुजुर्ग बताते है कि जब बंधोइन में नदी को बांधा नहीं गया था, तब लोग पैदल नदी को पार करते थे। आज आलम ये है कि बंधोइन चेकडैम तोड़ दिया जाये तो कर्वी में बूंद-बूंद पानी का संकट हो जाएगा। नदी को बचाना है तो समाज को सोंचना होगा। परम्परायें बदलनी होंगी। नदी में विशेष हालातों में ही जरूरी चीजों का विसर्जन किया जाये। पालीथिन, निष्प्रयोज्य चीजें नदी में न फेंकी जायें। दाग लेने वाले व्यक्ति के कपड़े भी घट बांधने वाली जगह के पास



नदी सफाई करते समाजसेवी।

रखे जायें, ताकि नदी में अनावश्यक प्रदूषण न हो। अगर लोग नहीं चेते तो हर साल पेयजल की समस्या बढती जायेगी। पिछले दिनों नगर में गंदे पानी की आपूर्ति हुई तो सिंचाई विभाग ने दो नाव इंटेकवेल के आसपास सफाई को लगाई हैं। विभाग के अधिशाषी अभियंता केएस प्रसाद के निर्देश पर एई गुरु प्रसाद व जेई जय प्रकाश ने दो नाव नदी की सफाई में उतारी हैं। बुधवार को इंटेकवेल के आसपास सफाई अभियान चला। गुरुवार को पुलघाट से मुक्तिधाम तक सफाई का कार्य होगा। इस मौके पर पूर्व प्रधान दिनेश निषाद, रामनरेश यादव, पुष्पराज विश्वकर्मा समेत आदि मौजूद रहे।

# छह पर गैंगेस्टर-14 पर गुण्डा एक्ट से मची खलबली, एसपी के निर्देश पर हुई कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में पुलिस ने छह लोगों पर गैंगेस्टर एक्ट व 14 पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

बुधवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने संगठित गिरोह बनाकर गैंग के आर्थिक व भौतिक लाभ को आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले सौरभ त्रिपाठी उर्फ राहुल त्रिपाठी पुत्र विनोदचन्द्र त्रिपाठी बधिया माई मंदिर दहिलामाई मऊ प्रतापगढ़, शाहिद पुत्र सकील काशीराम कालोनी जीआईसी प्रतापगढ़, महताब अहमद पुत्र रहीश अहमद गोपालपुर प्रतापगढ़, सोयेब पुत्र जमीर ताला बाजारा प्रतापगढ़, कलीमुद्दीन पुत्र हलीम नयामाल गोदाम प्रतापगढ़ व धनंजय सिंह यादव पुत्र योगेन्द्र यादव जगतीपुर प्रतापगढ़ पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले सोनू यादव पुत्र रामप्रसाद मकरी, शिवभवन उर्फ झल्लर पुत्र भोंदू हर्रा, होरीलाल पुत्र रामबहोरी रइयापुरवा मजरा गढ़ीघाट, शैलेन्द्र उर्फ पिन्टू पुत्र दिनेश, कल्ला यादव पुत्र जगमोहन, हरीशचन्द्र पुत्र जगमोहन सड़ का पुरवा मजरा चैरा, बुद्धविलास पुत्र मोतीलाल साहू परसौंजा, शिवाकांत उर्फ पांडा पुत्र राजकरन लोध ओरा पर श्री यूपी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश कुमार मोर्य ने राजेश पुत्र सोहनलाल बरगढ़ मोड़ मजरा कोनिया, रामप्रकाश उर्फ मनमाना पुत्र रामपाल छितैनी पर श्री यूपी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने रज्जू उर्फ राजी पुत्र रज्जन खान उर्फ राजा भइया चितरा गोकुलपुर व विजय सुधाकरदत्त पुत्र मइयादीन पुरवा तरौंहा के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने विनोद कुमार पुत्र रामकल्याण चनहट पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह ने रोहिणी पुत्र रामलाल पुराना बहिलपुरवा के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

# दो घरों में अज्ञात ने लगाई आग, गृहस्थी खाक, सब कुछ जलने से गृहस्वामी परेशान

अखंड भारत संदेश

**पहाड़ी/चित्रकूट।** राजापुर तहसील क्षेत्र के कलवारा बुजुर्ग गांव के मजरा धोबिन पुरवा में आग लगने से दो घर व घरों में रखी सामग्री जलकर खाक हो गई है। गृहस्वामी उदयभान श्रीवास ने बताया कि 30 अप्रैल को सवेरे चार बजे घर के पीछे से किसी ने आग लगाई है।

ये अग्निकांड मंगलवार को सवेरे हुआ। बताया गया कि अग्निकांड के समय घर के सभी लोग जाग रहे थे। मवेशियों को चारा-पानी दे रहे थे। अचानक देखा कि घर में आग लग गई है। आनन-फानन में नल से पानी लेकर आग पर काबू पाया। ज्यादा कुछ क्षति नहीं हुई। 30 अप्रैल की रात 11 बजे भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ डालकर फिर दोनों घरों में अज्ञात ने आग लगा दी। अचानक तेज लपटें देखकर गुहार लगाई। पुरवा के सारे लोग जाग गये। 10 से 15 लोग आग बुझाने का प्रयास करते रहे। आग इतना विकराल रूप धारण कर चुकी थी कि आग से घरों को जलने से नहीं बचा सके। पूरी तरह से सब कुछ जल गया, तब लाइट आई। फिर बोर चालू कर धधक रही आग को बुझाया गया। उदयभान पुत्र स्व बड़कू ने कहा कि घर में 22 कुंतल गेंहू रखा था। साल भर खेती में मेहनत कर उगाया था। कुछ दिन पहले बेटी सुलेखा की शादी की थी। ढाई लाख रुपये के जेवर घर के अंदर रखे थे। अन्य सामग्री भी जलकर नष्ट हो गई। उदयभान के बड़े भाई चैदसिया ने बताया कि घर की अटारी में 25 कुंतल गेंहू रखा था। साल भर के खाने को था। छोटी बहू कौशिल्या पत्नी नत्थू के 85 हजार रुपये के जेवर व बीस हजार नकदी सब कुछ जलकर राख हो गये। उदयभान की बूढ़ी मां ने कहा कि बच्चे व नाती- पोता अब क्या खायेंगे। गीता पत्नी उदयभान, मखनिया पत्नी चैदसिया घर के अंदर बैठी रोती नजर आईं।

## सचिव है या अराजकतत्वों की पलटन का मुखिया?

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में बाप की मृत्यु बाद सचिव बने उत्कर्ष सिंह की गुंडागर्दी बढती जा रही है। सचिव ने कर्वी से अराजकतत्वों को बुलाकर लौढिया प्रधान पुत्र प्रफुल्ल पटेल की जमकर पिटाई की। प्रफुल्ल ने बीडीओ पियूष त्रिपाठी से शिकायत की। बीडीओ ने भी सचिव का पक्ष लेते हुए दोनों को कैम्पस से बाहर जाने के आदेश दिये हैं। मारपीट की ये घटना मानिकपुर ब्लाक में हुई। बताया गया कि सचिव उत्कर्ष सिंह का कोई पहले से लौढिया प्रधान पुत्र प्रफुल्ल पटेल से विवाद था। सचिव ने कर्वी से गुंडों की पलटन ले जाकर प्रफुल्ल पटेल की जमकर धुनाई की। यहां तक प्रफुल्ल को पीटा कि कई जगह से वह सूझ गया। प्रफुल्ल ने जब बीडीओ पियूष त्रिपाठी से शिकायत की तो सचिव का पक्ष लेते हुए बीडीओ ने दोनों को कैम्पस से बाहर जाने को कहा। इस बारे में बीडीओ ने बताया कि आपस में विवाद हुआ है। विवाद को होते नहीं देखा। सचिव पर कार्यवाही की बात पर कुछ नहीं बोले।

## सपा में विशेष आमंत्रित सदस्य बने साहबलाल



साहबलाल का गर्मजोशी से स्वागत करते सपाई।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यकारणी में विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत होने पर साहबलाल द्विवेदी का सपाइयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।बुधवार को साहबलाल द्विवेदी ने कहा कि बांदा- चित्रकूट लोकसभा में ब्राम्हण समाज भाजपा सरकार की नीतियों से आजिज आ गया है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल को जिताने का मन बना लिया है। देश-प्रदेश में भाजपा की जब से सरकार आई है, तब से समाज के सब लोग परेशान हैं। पढ़े-लिखे युवकों को रोजगार न होने से गांवों में मारे-मारे घूम रहे हैं। तहसील व थानों में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होते। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अनुज सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरीशंकर मिश्रा, पूर्व उपाध्यक्ष अमृत लाल गुप्ता, छात्र सभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव, दिनेश विशकर्मा, उपाध्यक्ष अरशद खान, लाल बहादुर निषाद, नगर अध्यक्ष समीर विश्वकर्मा, अनूप यादव, गौतम वर्मा, बब्बू यादव आदि मौजूद रहे।

# आर्थिक मोर्चे पर तेजी और व्यवस्थित कर संग्रह से जीएसटी दो लाख करोड़ रुपये के पार: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और कर संग्रह में दक्षता की बदौलत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के बेंचमार्क को पार कर गया है।

सीतारमण ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि अर्थव्यवस्था में मजबूत गति और कुशल कर संग्रह की बदौलत जीएसटी संग्रह 2 लाख करोड़ रुपये के बेंचमार्क को पार कर गया है। उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), राजस्व विभाग, राज्य और केंद्र स्तर के सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है।

सीतारमण ने यह भी कहा कि आईजीएसटी (एकीकृत जीएसटी) निपटान को लेकर राज्यों का कोई बकाया नहीं है। गौरतलब है कि अप्रैल महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह सलाना आधार पर 12.4 फीसदी उछलकर 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। देश में जीएसटी एक जुलाई, 2017 से लागू हुआ था। वर्तमान में जीएसटी प्रणाली पर पंजीकृत करदाताओं की संख्या 1.45 करोड़ है।



# लंदन में तलवार लहराने वाला आदमी हुआ आपे से बाहर, किशोर की मौत, 4 घायल

**लंदन।** पूर्वी लंदन में मंगलवार को एक तलवारधारी व्यक्ति ने कई लोगों पर हमला कर दिया, जिससे 14 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई और दो पुलिस अधिकारियों सहित चार अन्य घायल हो गए, लेकिन वे खतरे से बाहर हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने कहा कि 36 वर्षीय हमलावर का पीछा किया गया और उसे पकड़ लिया गया। जानलेवा हमले की जांच की जा रही है, लेकिन यह "आतंकवादी करतूत" नहीं लगता।

तलवार से हमले की घटना से पहले पुलिस को सुबह 7 बजे (बीएसटी) के आसपास हैनॉल्ट ट्यूब स्टेशन के पास थुरलो गार्डन के एक घर में एक वाहन घुसाए जाने की रिपोर्ट मिली। पुलिस ने कहा कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो के अनुसार, तलवार लहराते हुए व्यक्ति को लोगों के घरों की ओर आते देखा गया और बाद में पुलिस ने लोगों के बगीचों में उसका पीछा किया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने एक व्यक्ति को "विशाल तलवार" पकड़े हुए देखने और चीखें सुनने का वर्णन किया है।

पीड़ितों को अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में युवक की मौत



हो गई और अन्य का इलाज किया जा रहा है।

मेट पुलिस के मुख्य अधीक्षक स्टुअर्ट बेल ने संवाददाताओं से कहा कि जनता के लिए कोई "खतरा" नहीं है और पुलिस किसी अन्य संदिग्ध की तलाश नहीं कर रही है।

लंदन के मेयर सादिक खान ने इस घटना को "विनाशकारी" और "भयानक" बताया।

खान ने मृत किशोर के बारे में कहा, "मुझे यकीन है कि जब मैं कहता हूं कि हमारी संवेदनाएं इस छोटे बच्चे और उसके परिवार के साथ हैं तो मैं पूरे शहर के लिए बोलता हूं।"

"इससे मेरा दिल टूट गया है, न केवल इस बच्चे की जान चली गई, बल्कि हमारी आपातकालीन सेवाओं के दो सदस्यों ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी सुरक्षा जोखिम में डाल दी कि अन्य लोग घायल न हों।"

उन्होंने पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि वे "अच्छी तरह से जानते थे कि यह एक खतरनाक आदमी था" लेकिन "यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस आदमी के कार्यों के परिणामस्वरूप अन्य लोग घायल न हों, अपनी सुरक्षा को जोखिम में डाल दिया"।

उन्होंने कहा, "यह दिखाता है कि हमारे पुलिस अधिकारी हर दिन किस खतरे का सामना करते हैं और मैं उनकी बहादुरी के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं।"

बकिंघम पैलेस ने एक बयान में कहा, किंग चार्ल्स-तृतीय की 'संवेदनाएं और प्रार्थनाएं' हैनॉल्ट में हुए हमले से प्रभावित लोगों के साथ हैं।

बयान में आगे कहा गया, "आज सुबह हैनॉल्ट में भयावह दृश्यों के बाद राजा ने घटना की पूरी जानकारी रखने को कहा है। उनके विचार और प्रार्थनाएं उन सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं - विशेष रूप से उस पीड़ित किशोर के परिवार के साथ, जिसने अपनी जान खो दी है। वह आपातकालीन सेवाओं के साहस को सलाम करते हैं, जिन्होंने हालात पर काबू पाने में मदद की।"

# हिंदुओं की बेटियों का जबरन धर्मांतरण किया जा रहा है : पाकिस्तान सीनेटर





**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सीनेटर दानेश कुमार ने पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों के जबरन अपहरण और धर्मांतरण की ओर लोगों का ध्यान खींचा है।

दानेश ने सीनेट सत्र को संबोधित करते हुए कहा, "हिंदुओं की बेटियां कोई लूट का माल नहीं हैं कि कोई जबरन उनका धर्म बदलवा दे। सिंध में हिंदू लड़कियों को जबरन इस्लाम में धर्मांतरण कराया जा रहा है। मासूम पूजा कुमारी का अपहरण हुए दो साल हो गए। सरकार इन प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती।"

उन्होंने कहा कि हिंदू लड़कियों का जबरन अपहरण और धर्मांतरण प्रभावशाली लोगों और धार्मिक समूहों द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें राजनीतिक दलों का समर्थन हासिल है।

उनका अपहरण कर जबरन इस्लाम कबूल करवाया जाता है और उनकी शादी मुस्लिम पुरुषों से करा दी जाती है।

दानेश ने कहा कि बहाना बनाया जा रहा है कि नाबालिग हिंदू लड़कियां अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन कर रही हैं।

उन्होंने कहा, "प्रभावशाली धार्मिक समूहों को लगता है कि धर्मांतरण से वो ये साबित करना चाहते हैं कि इस्लाम के प्रति उनका पक्का समर्पण है, जबकि इस्लाम की शिक्षा इसकी इजाजत नहीं देती।"

दानेश ने एक ऐसा मुद्दा उठाया है जो वर्षों से पाकिस्तान में चल रहा है। कई वैश्विक निकायों ने धार्मिक अल्पसंख्यकों की चल रही पीड़ा पर गंभीर आपत्तियां और चिंताएं जताई हैं।

अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की लड़कियों का जबरन अपहरण, धर्मांतरण और मुस्लिम पुरुषों से शादी करने के अनगिनत मामले सामने आए हैं।

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने हाल ही में पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों की युवा महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा में कमी को "खतरनाक स्थिति" बताते हुए पाकिस्तान की आलोचना की थी।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा था, "ईसाई और हिंदू लड़कियों को जबरन धर्म परिवर्तन, अपहरण, तस्करी, बाल विवाह, जबरन शादी, घरेलू दास्तां और यौन हिंसा का शिकार होना पड़ता है।"

कमजोर और कम उम्र की लड़कियों की सुरक्षा में सरकार और कानूनी एजेंसियों की विफलता पर संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा है कि जबरन विवाह को धार्मिक या सांस्कृतिक आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता।

# अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन को मिली ट्रिपल ए क्रेडिट रेटिंग

**अहमदाबाद।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) को केयर रेटिंग्स ने ट्रिपल ए क्रेडिट रेटिंग दी है। एपीएसईजेड को शीर्ष स्तर की यह रेटिंग न सिर्फ संस्था की साख के उच्चतम स्तर को दशार्ती है, बल्कि तमाम वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की कंपनी की क्षमता की भी पुष्टि करती है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ एपीएसईजेड मान्यता प्राप्त करने वाला पहला प्राइवेट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर बन गया है। ट्रिपल ए रेटिंग एपीएसईजेड के मजबूत इंटीग्रेटेड बिजनेस मॉडल का प्रतिनिधित्व करने के साथ उद्योग में इसकी प्रमुख स्थिति, संचालन में लगातार वृद्धि, उत्तम लाभप्रदता, पर्याप्त लिक्विडिटी और कम लेवरेज को भी दशार्ती है। एपीएसईजेड के पास अधिग्रहण के बाद बंदरगाह संपत्तियों को बदलने का सफल ट्रैक रिकॉर्ड है। साथ ही इससे भारत के तमाम पोर्ट्स के लिए 4




फीसदी सीएजीआर की तुलना में वित्त वर्ष 19 से लेकर वित्त वर्ष 24 के लिए वॉल्यूम में 15 फीसदी चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि देखने को मिली है। वित्त वर्ष 24 में एपीएसईजेड ने 419.95 एमएमटी का कार्गो वॉल्यूम हासिल किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 24% अधिक है।

एपीएसईजेड के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अदाणी ने कहा, ह्हम अपने वित्तीय अनुशासन और कर्ज को कम करने के प्रति समर्पण के साथ हमारे एसेट्स और कस्टमर चेन समेत दुनिया भर में हाईएस्ट प्रॉफिट वाली कंपनी के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देते हैं।

# भाजपा का चुनावी अभियान समझने के लिए नेपाल के पांच दलों के नेता दिल्ली में

**काठमांडू।** भारतीय जनता पार्टी के निमंत्रण पर चुनावी अभियान को समझने के लिए पांच दलों के नेता बुधवार को दिल्ली पहुंच गए हैं। भाजपा के विदेश विभाग ने दुनिया के कई देशों के राजनीतिक दलों के साथ नेपाल के पांच राजनीतिक दलों को भी निमंत्रण भेजा था।

नेपाल की तरफ से भाजपा के चुनावी अभियान को समझने के लिए नेपाली कांग्रेस के सांसद उदय शमशेर राणा, नेकपा एमाले की तरफ से विष्णु रिमाल, माओवादी की तरफ से मातृका यादव और जनमत पार्टी की तरफ से डॉ. जयकान्त राउत आज दिल्ली रवाना हुए।

भाजपा विदेश विभाग के प्रमुख विजय चौथाईवाले ने भाजपा के चुनावी अभियान को दिखाने और समझाने के लिए नेपाल सहित कई देशों के राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को दिल्ली बुलाया है। इन विदेशी दलों के प्रतिनिधियों को आज भाजपा मुख्यालय पर चुनावी प्रचार अभियान से जुड़े कार्यों का अवलोकन करवाया गया। आज शाम को ही विदेशी प्रतिनिधियों की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात तय है। इसके अलावा विदेशी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात होगी।

# एटीएफ की कीमत 749.25 रुपये तक बढ़ी, महंगा हो सकता है हवाई सफर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने आज विमानन कंपनियों को झटका दिया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत में 749.25 रुपये प्रति किलोलीटर का इजाफा किया है। एटीएफ के दाम में बढ़ोतरी से हवाई सफर महंगा हो सकता है। नई दरें आज से लागू हो गई हैं।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में हवाई ईंधन 749.25 रुपये बढ़कर 1,01,642.88 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है, जो पहले 100,893.63 रुपये था। मुंबई में एटीएफ 707.29 रुपये महंगा होकर 95,173.70 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है, जो कि पहले 94,466.41 रुपये था।

चेन्नई में एटीएफ की कीमत 628.73 रुपये की बढ़त के साथ 1,05,602.09 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है, जो पहले 104973.36 रुपये थी। कोलकाता में इसकी कीमत 684.52 रुपये बढ़कर 1,10,583.13 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है, जो पहले 109898.61 रुपये थी। गौरतलब है कि ऑयल कंपनियों ने अप्रैल में इसकी कीमत में करीब 502.91 प्रति किलोलीटर की कटौती की थी, जबकि मार्च में इसके दाम 624.37 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़े थे।

# केन्या में बाढ़ का कहर, मरने वालों की संख्या बढ़कर 169 हुई

**नैरोब।** केन्या के कई हिस्सों में भारी बारिश और विनाशकारी बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 169 हो गई है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार के प्रवक्ता इसाक मवॉरा ने सोमवार शाम को मरने वालों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा था, "पश्चिमी केन्या के माई माहिउ शहर में सोमवार सुबह एक बांध टूटने से 48 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य प्रभावित हुए हैं।"

इसाक मवॉरा ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर कहा, "बारिश शुरू होने के बाद से हमने 169 लोगों को खो दिया है। सरकार ने लापता लोगों की तलाश के लिए खोज और बचाव अभियान भी तेज कर दिया है।" पूर्वी अफ्रीकी देश में इस समय अल नीनो के कारण औसत से अधिक वर्षा हो रही है। केन्या मौसम विभाग ने कहा है कि इस सप्ताह भारी बारिश जारी रहेगी,



साथ ही कुछ इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन की भी संभावना है।

हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण नैरोबी, मकुएनी, वेस्ट पोकोट और मचाकोस काउंटियों में बड़ी बाढ़ आई है। बाढ़ से जान-माल का नुकसान हुआ है। भारी बारिश के कारण मुख्य सड़कें भी कट गईं। पूरे देश में व्यापार बाधित हुआ और स्कूल बंद कर दिए गए।

उन्होंने आगे कहा कि नवगठित राष्ट्रीय बहु-एजेंसी बाढ़ आपातकालीन टीम बाढ़ के प्रभावों से निपटने में केन्याई लोगों की सहायता के लिए कई उपायों को लागू कर रही है, जिसमें भोजन, सुरक्षित पेयजल, स्वास्थ्य आपूर्ति और बचाव प्रयास शामिल हैं।

उन्होंने कहा, "हमारे यहां हमेशा मार्च, अप्रैल और मई के बीच बारिश होती है, लेकिन अब जलवायु परिवर्तन के कारण यह सामान्य से अधिक है। केन्या की सबसे लंबी ताना नदी पर सेवन फोर्क्स जलविद्युत परियोजना वाले सभी पांच बांध कुल क्षमता पर हैं।"

# गेहूं खरीद को लेकर पाकिस्तान के पंजाब में किसानों का विरोध तेज

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के नेतृत्व वाली सरकार के साथ-साथ प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली संघीय सरकार को किसानों की एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की गेहूं खरीद नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज होता जा रहा है जिसे राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिल रहा है।

किसान समेत देश के कृषि क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी पाकिस्तान किसान इत्तेहाद (पीकेआई) ने अनाज खरीदने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहने और प्रांतीय खरीद कोटा घटाने के फैसले को पलटने के लिए सरकार की आलोचना की है। इस मुद्दे पर पीकेआई और प्रांतीय एवं संघीय सरकार के बीच एक महीने से अधिक समय से विचार चल रहा है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# इजरायली पीएम ने हमास के साथ 'समझौते या उसके बिना' राफा पर जमीनी हमले की कसम खाई



**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के साथ समझौते के साथ या उसके बिना, राफा पर जमीनी हमला करने की कसम खाई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को बंधकों के परिवारों के साथ एक बैठक में कहा कि इजरायल ने राफा से फिलिस्तीनी नागरिकों को निकालना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, "हम राफा में प्रवेश करेंगे और पूरी जीत हासिल करने के लिए समझौते के साथ या उसके बिना, वहां हमास की बटालियनों को खत्म कर देंगे।" इजरायल राफा को फिलिस्तीनी क्षेत्र में हमास का आखिरी प्रमुख गढ़ मानता है। राफा गाजा का सबसे दक्षिणी शहर है, जहां करीब 12 लाख फिलिस्तीनी शरण मांग रहे हैं।